दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 17 | अंक 12 | सीकर, मंगलवार 10 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# राजस्थान में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक
## तेल कंपनियों ने एजेंसियों को भेजा मैसेज
## होटल-रेस्टोरेंट सहित औद्योगिक ईकाइयों पर पड़ेगा असर

जयपुर।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब राजस्थान में दिखने लगा है। तेल कंपनियों ने रसोई गैस के घटते स्टॉक को देखते हुए कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी है।

एजेंसियों को मैसेज करके कॉमर्शियल सिलेंडर के ऑर्डर नहीं लगाने के आदेश दिए हैं। केवल घरेलू उपयोग के सिलेंडर की डिलीवरी पर ही फोकस करने के लिए कहा गया है। कंपनियों ने देर रात ये निर्देश जारी किए हैं।

कंपनियों के इस निर्णय का असर अब औद्योगिक ईकाइयों, रेस्टोरेंट्स और होटलों पर पड़ेगा। वहीं सावे शुरू होने के कारण शादी-समारोह में भी गैस सप्लाई की किल्लत देखने को मिल सकती है।

तेल कंपनियों के सब कुछ सामान्य के दावों के बीच अब आगामी निर्देशों तक कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई रोकने के लिए कहा है।

### नया ऑर्डर लेने पर रोक

नाम न छापने की शर्त पर एक एजेंसी के डीलर्स ने बताया- कंपनियों की तरफ से कई एलपीजी डीलर्स को मैसेज किया गया है कि वर्तमान हालात को देखते हुए व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सप्लाई अगले आदेश तक रोक लें।

जिन डीलर्स के पास स्टॉक सीमित हैं, उनके नए ऑर्डर लेना कंपनियों ने बंद कर दिया। हालांकि तेल कंपनियों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।



### डिलीवरी की बुकिंग 25 दिन के अंतराल में

इससे पहले तेल कंपनियों ने रसोई गैस की बुकिंग पर भी सेंशन लगाई थी। कंपनियों ने सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिन बाद नई बुकिंग लेने के निर्देश दिए थे। ताकि घरेलू सिलेंडर की सप्लाई को नियंत्रित रखा जा सके। वहीं जब उपभोक्ता गैस की बुकिंग कर रहा है, तो उसे सिलेंडर की सप्लाई पहले जहां 2 से 3 दिन में हो जाती थी, वह अब सात दिन में या उससे ज्यादा दिनों के अंतराल में हो रही है।

### शादी समारोह पर दिख सकता है बड़ा असर

मार्च-अप्रैल में राजस्थान में शादियों का सीजन रहेगा। अगर मध्य-पूर्व के देशों में लम्बे समय तक युद्ध चलता है तो गैस की किल्लत बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत में 80 फीसदी गैस कतर, ईरान समेत अन्य देशों से आती है, जो फिलहाल बंद है। अगर कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो बड़े पैमाने पर शादी-समारोह में खाना बनाना मुश्किल हो सकता है।

## मुन्नीराम हत्याकांड प्रकरण में दो आरोपियों को 11 मार्च तक भेजा रिमांड पर
### घटना के दिन हरियाणा के किसी थाने में बंद होने की देवीसिंह ने बनाई थी प्लानिंग



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के सीकर-नोखा स्टेट हाईवे 20 स्थित द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल संचालक मुन्नीराम मंडा की 2 मार्च को गोलियों से भुनकर की गई निर्मम हत्या के षड्यंत्र व रेकी करने के आरोप में पीसी रिमांड पर चल रहे सुभाष गोदारा और लेखराम कड़वासरा को सोमवार को बीदासर न्यायालय में पेश कर दूसरी बार 11 मार्च तक पीसी रिमांड पर लिया है। वही पुलिस उपाधीक्षक नेमीचंद चौधरी ने रविवार की देर शाम मीडिया को बताया कि मुन्नीराम की हत्या के मामले में पीसी रिमांड पर चल रहें सुभाष गोदारा और लेखराम कड़वासरा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मुन्नीराम की हत्या की प्लानिंग 25 फरवरी को हुई थी। देवी सिंह, राजूराम और धन्नाराम ने सारी प्लानिंग की थी। हत्या के एवज में 25 फरवरी को उनको पेमेंट भी दिया गया था, वो भी लाखों में है। उसकी हम अभी पुष्टि अनुसंधान में कर रहे हैं कि कितने लाख हैं, किससे लेकर आए हैं, किसने इनको वित्तीय सहायता दी है। उस पर गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। षड्यंत्र और रुपयों की लेन देन में उपयोग में ली गई आई-20 गाड़ी को भी जब्त किया गया है। घटना के दिन सुभाष गोदारा और लेखराम ने मुन्नीराम की रेकी में जो कैंपर गाड़ी उपयोग में ली गई थी उसको भी जब्त कर लिया गया है। उपाधीक्षक चौधरी ने बताया कि अनुसंधान में यह भी बात सामने आई है कि नामजद आरोपी देवी सिंह ने प्लानिंग में यह कहा था कि मैं 2 मार्च को दिन में ही हरियाणा और दिल्ली के किसी थाने के अंदर बंद हो जाऊंगा और राजू राम और ये लोग 2 मार्च की रात को मुन्नीराम की हत्या कर खून की होली खेलेंगे। मैं वहा बंद रहने से बच जाऊंगा और आप लोग भी बच जाओगे। तो इस बारे में भी हम जानकारी जुटा रहे है कि देवी सिंह किसी हरियाणा और दिल्ली की कोई किसी जेल में या थाने में बंद है। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि जो धन्नाराम को कैंपर गाड़ी दिलवाई गई है, वो देवी सिंह और कमल खैरिया ने ही दिलवाई है। कमल खैरिया ही गाड़ी दिलवाने के लिए धन्नाराम के साथ सुजानगढ़ गया था। गाड़ी की कुछ किश्तें उसने जमा कराई थीं और करीब मकर संक्रांति के आसपास देवी सिंह ने इसको कहा था कि भाई तुझे तो आर-पार की लड़ाई में मरना ही है। इसलिए किश्तें मत जमा कराए फालतू ही वो पैसे बरबाद होंगे, तेरे मरने के बाद वैसे ही फ्री हो जाएगी।

## गौरव सेनानी समारोह अंतर्गत सैन्य उपकरण प्रदर्शनी में दिखा आमजन का उत्साह



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय पर जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गौरव सेनानी समारोह के दौरान सैन्य उपकरण प्रदर्शनी में सोमवार को आमजन का खूब उत्साह देखने को मिला। इस दौरान लगाई गई प्रदर्शनी में विद्यार्थियों, आम नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, बच्चों व भूतपूर्व सैनिकों के परिवारजनों ने सैन्य उपकरणों को देखा व जानकारी ली। प्रदर्शनी में सेना द्वारा उपयोग में लिए जाने वाले विभिन्न आधुनिक सैन्य उपकरणों को प्रदर्शित किया गया, जिन्हें देखने के लिए दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। विद्यार्थियों और युवाओं ने विशेष रुचि के साथ उपकरणों का अवलोकन किया और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। सेना के अधिकारियों, कर्मचारियों ने सैन्य उपकरणों के नाम, कार्यप्रणाली, ओरिजिन सहित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों का उपयोग देश की सुरक्षा एवं सैन्य अभियानों में किस प्रकार किया जाता है। प्रदर्शनी में आए लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं में सेना के प्रति उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। विद्यार्थियों, युवाओं ने सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने की इच्छा जाहिर की।

## एम्पोवेरिंग फ्यूचर प्रोफेशनल पर एक्सपर्ट टॉक आयोजित



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान एसकेआईटी, जयपुर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अनलॉकिंग सैप पोटेंशियल : एम्पोवेरिंग फ्यूचर प्रोफेशनल विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन जैन ने मुख्य वक्ता अविशेक शर्मा, मुख्य वितरण अधिकारी, अवाटु प्राइवेट लिमिटेड, का स्वागत एवं सम्मान किया। अपने व्याख्यान में अविशेक शर्मा ने एसएपी तकनीकों तथा उद्योग में उनके बढ़ते महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और चिकित्सकों ने उनको गर्भावस्था के समय स्वास्थ्य का खास ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन प्रदान किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि सोमवार नौ मार्च को जिले के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक



स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया और चिकित्सकों ने गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। अस्पतालों में सोमवार को गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच गई।

वहीं विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके। इसके अलावा गर्भवती में खून की कमी पाए जाने पर उसे एफसीएम लगाकर लाभान्वित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक उपलब्धि पर एस. एस. मोदी विद्या विहार को गर्व

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थित एस. एस. मोदी विद्या विहार के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि कक्षा 12 की छात्रा मान्या सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय शैक्षणिक सफलता प्राप्त की है। अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और मेहनत के बल पर मान्या को अमेरिका और कनाडा की विश्व-प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों पर्ड्यू यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो तथा



यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट में प्रवेश प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से मान्या का चयन यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट के प्रतिष्ठित कॉमनवेल्थ हॉनर्स कॉलेज में हुआ है, जो विश्वभर के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों के लिए आरक्षित एक विशिष्ट कार्यक्रम है। इसके साथ ही उन्हें चांसलर्स अवॉर्ड स्कालरशिप से सम्मानित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष 18,000 अमेरिकी डॉलर की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चार वर्षों में यह राशि कुल 72,000 अमेरिकी डॉलर होगी। मान्या की यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिणाम है। उनकी सफलता ने न केवल उनके माता-पिता और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि एस. एस. मोदी विद्या विहार तथा पूरे शेखावाटी क्षेत्र का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय परिवार मान्या सिंह को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## सहायक प्रशासनिक अधिकारी व वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते एसीबी के हत्थे चढ़े

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बांसवाड़ा टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक और कोष कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को मिली शिकायत के अनुसार परिवादी ने अपने ई-मित्र के माध्यम से एक आवेदक के जाति और मूल निवास प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इस आवेदन में पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर बताकर तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कचरू कटारा ने परिवादी को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की। जहां शिकायत का 26 और 27 फरवरी 2026 को सत्यापन किया गया। जिसमें आरोपी कचरू कटारा ने 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। इसके बाद एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरवीजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान कचरू कटारा ने परिवादी से 10 हजार रुपए लेकर अपने परिचित मिलन भट्ट सहायक प्रशासनिक अधिकारी कोष कार्यालय बांसवाड़ा को दे दिए। मिलन भट्ट ने यह राशि अपने पास रख ली। एसीबी टीम ने दोनों आरोपियों से रिश्वत की राशि बरामद कर उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है और उनके निवास स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई भी जारी है।



## भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जैन सोसाइटी ट्रस्ट नोखा की बैठक गुरुकुल स्कूल में ट्रस्ट के अध्यक्ष सिकरचंद पींचा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ट्रस्ट के महामंत्री डॉ. महेन्द्र संचेती ने बताया कि इस बार भी ट्रस्ट द्वारा महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम कराए जायगे। कार्यक्रम की श्रृंखला में महावीर जयंती की पूर्व संध्या 30 मार्च को भव्य भजन संध्या का आयोजन महावीर चौक में किया जाएगा, और 31 मार्च को सुबह 10 बजे समाज के तपस्वी भाई बहिन जिन्होंने इस चातुर्मास में 15 या इससे ऊपर की तपस्या की व वर्षीतप किया उनका अभिनंदन किया जाएगा इसी के साथ समाज के उन बच्चो को समान्नित किया जाएगा। जिन्होंने वर्ष 2025 में आरबीएसई व सीबीएसई दोनों बोर्ड में कक्षा 10 व 12 में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया हो या वर्ष 2025 में कोई प्रोफेसनल डिग्री की हो । 31 मार्च को महावीर जयंती पर सकल जैन समाज का भोजन प्रसाद रखी जाएगी । बैठक में निर्वतमान अध्यक्ष राजेन्द्र बांठिया उपाध्यक्ष मदन लुनिया राजेन्द्र डागा सचिव बाबूलाल कांकरिया अशोक बैद मोहनलाल बुच्चा विजयराज पारख आदि उपस्थित थे ।

## सामाजिक कुरीतियों का त्याग करने का लिया संकल्प



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपखंड की नव सृजित ग्राम पंचायत कसुंबी जाखला के जाट समाज की प्रथम बैठक धर्म शाला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्पन्न हुई। जिसमें मायरा, छूछक, मकान नीव भराई, मकर-संक्रांति पर्व, बच्चों के नामकरण जैसे शुभ मुहूर्त पर महिलाओं द्वारा बैस वस्त्र की जगह नगद राशि देने, विवाह समारोह में घोड़ी गीत व तमाम तरह के अवसरों पर महिलाओं द्वारा गीत गाने पर बर्तन बंटवाने के स्थान पर मिठाई वितरित करवाने, तमाम तरह के कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा किसी भी प्रकार के वस्त्र, बैस की जगह नगद राशि का लेन-देन करने, गंगा स्नान करके आने पर पथवारी पर बैस बंद करने तथा मौखाण पर बैस की जगह नगद राशि दिये जाने के पांच प्रस्तावों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श करके पंद्रह गोत्र के 150 जाट परिवारों ने इन रूढ़िवादी परम्पराओं में सुधार करने की बात कही और सात सदस्यों की पालना समिति में गोविंद राम गढ़वाल, भूरा राम चंदेलिया, एडवोकेट लक्ष्मण राम, गणेशा राम जगदीश प्रसाद घिंटाला, राम गोपाल बिडियासर, लक्ष्मण नेहरा, सहित काफी संख्या में जाट समाज के लोग मौजूद थे।

## गौशाला में जल्द बनेगा गौ मुक्ति धाम

**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र की बाबा सुन्दरदास गोपाल गौशाला जाखल में जल्द ही गौ मुक्ति धाम का निर्माण किया जाएगा। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि समिति ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। पदाधिकारियों ने बताया कि गौशाला में प्राकृतिक रूप से मृत होने वाली गायों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था के लिए गौ मुक्ति धाम बनाया जाएगा,, जिससे व्यवस्था सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनी रहेगी।

पदाधिकारियों के अनुसार गौ मुक्ति धाम बनने से मृत गौवंश के सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधा मिलेगी तथा गौशाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। इसके लिए स्थान चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। गौशाला से जुड़े गौभक्तों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह व्यवस्था गौसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। 15 लाख की लागत से बनाए जाने वाला मुक्ति धाम गौभक्तों के सहयोग से पूरा कराया जाएगा जिसका भूमि पूजन 22 मार्च को होगा।

### कोबरी-सार



# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती- दस्तावेज सत्यापन 11 मार्च से

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती 2024 पात्रता जांच व दस्तावेज सत्यापन का कार्य संयुक्त निदेशक शिक्षा संभाग चूरू के निर्देशन में सेठ गोपी राम गोयनका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा। संयुक्त निदेशक संगीता मानवी के बताया कि दस्तावेज सत्यापन हेतु तीस दलों का गठन किया गया है जिसमें प्राचार्य स्तर के कार्मिक को दल प्रभारी बनाया गया है। चूरू संभाग को 18012 अभ्यर्थियों का आंवटन दस्तावेज सत्यापन हेतु हुआ है। प्रति दिन 750 अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच व सत्यापन कार्य किया जायेगा प्रत्येक दल को एक दिन मे 25 अभ्यर्थियों का लक्ष्य दिया गया है। प्रथम दिन दिव्यांग अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जांच होगी इसके बाद शेष अभ्यर्थियों की पात्रता जांच व दस्तावेज सत्यापन होगा।

### सात चरण में होगा कार्यक्रम

प्रथम चरण -11 से 14 मार्च। द्वितीय चरण-16 से 19 मार्च। तृतीय चरण-23 से 25 मार्च। चतुर्थ चरण-27 से 28 मार्च। पंचम चरण-30 मार्च। छठवां चरण-1 से 2 अप्रैल। सप्तम चरण-6 से 11 अप्रैल व 13 व 15 अप्रैल।

### अभ्यर्थियों हेतु निर्देश

दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को मूल आवेदन पत्र, विस्तृत आनलाइन आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र स्क्रूटनी फार्म की दो प्रतियां स्वयं हस्ताक्षरित अपलोड किये शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक दस्तावेज, निवास व जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दो रंगीन पासपोर्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के दो सेट को फाईल कवर में नत्थी करना है। समस्त आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रतियां भी साथ में लानी है। अन्य जानकारी के लिए विभाग की बेबसाईट को देखा जा सकता है।

### विभिन्न समितियों का किया गठन

दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जांच कार्य में दिशानिर्देश हेतु संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में चार सदस्यों की प्रबोधन समिति, तीन सदस्यों की मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में परिवेदना समिति, खेल समिति, प्राचार्य स्तर के अधिकारियों की अध्यक्षता में अनुशासन समिति, सामान्य व्यवस्था समिति, रजिस्ट्रेशन समिति व महिला व पुरुष हेल्प डेस्क का गठन किया गया है।

### यह होगी व्यवस्था प्रवेश की

अभ्यर्थियों को समय पर पहुँच कर प्रवेश टोकन लेना होगा और बारी आने पर अंदर प्रवेश कर बायोमेट्रिक करवाते हुए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जाकर दस्तावेज सत्यापन हेतु पहले से तैयार टोकन प्राप्त कर आवंटित टेबल पर दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होना है।

### व्यवस्थाओं हेतु संबधित विभाग को दी गयी सूचना

प्रतिदिन 2000 से अधिक व्यक्तियों के आवागमन को देखते हुए यातायात व कानून व व्यवस्था हेतु जिला पुलिस अधीक्षक चूरू, चल शौचालय व पीने के मीठे पानी हेतु आयुक्त नगर परिषद चूरू, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति हेतु अधीक्षण अभियंता जोधपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड चूरू को पत्र मेल किये गये है।

## सीताराम को फार्म पौंड के लिए मिला 1 लाख 20 हजार का अनुदान



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार की फलैगशिप योजनाओं से कृषि गतिविधियों में अनुदान व सहयोग मिलने से किसान समृद्ध हो रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण है चूरू जिले के सरदारशहर उपखंड के कल्याणपुरा बीदावतान निवासी सीताराम काए जिन्हें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत खेत तलाई निर्माण पर 1 लाख 20 हजार रुपये का अनुदान मिलने से उन्हें आर्थिक सहयोग मिला है और खेत तलाई निर्माण होने पर उनका फसल उत्पादन बढ़ा है। सीताराम बताते हैं कि उनके खेत में अधिकतर असिंचित भूमि है। इस कारण वर्षा जल के अभाव में वह पूरी भूमि पर खेती नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तो प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के बाद स्वीकृति जारी होकर उन्होंने अपने खेत में खेत तलाई का निर्माण करवाया, जिस पर उन्हें 1 लाख 20 हजार रुपये का अनुदान मिला। वह कहते हैं कि अनुदान से आर्थिक सहयोग मिलने से उन्हें किसी से कर्ज नहीं लेना पड़ा और खेत तलाई का निर्माण सरलता से संभव हो पाया। सीताराम बताते हैं कि अब वह वर्षा खेत तलाई में जल संग्रहण कर अपने खेत में जीवन रक्षक सिंचाई कर पा रहे हैं। अब उनके खेत में फसलों का उत्पादन बढ़ा है और खेती अधिक लाभकारी बन गई है। अब वह पहले की तुलना में अधिक भूमि पर खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सीताराम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहते हैं कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी निर्णयों व योजनाओं से कृषक समृद्ध हो रहे हैं। यह योजना किसानों के लिए बहुत उपयोगी है और उन्होंने अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपनी खेती को और अधिक सशक्त बनाएं।

## विश्व कप जितने पर जमकर हुई आतिशबाजी, जश्न का माहौल बना



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व कप विजेता बनने के बाद नोखा कस्बे में जश्न का माहौल देखा गया। भारत ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया, जिसके बाद कस्बे के क्रिकेट प्रेमियों ने उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया।

### जमकर आतिशबाजी

घंटाघर पर आनंद बिहानी और मनीष मोदी के नेतृत्व में आतिशबाजी की गई। वहीं कस्बे के मस्जिद चौक पर क्रिकेट प्रेमी लक्ष्मण भादू के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं और खेल प्रेमियों ने एकत्र होकर भारत की जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक लगातार पटाखे चलाए गए।

### भारत माता की जय के नारे गूंजे

लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। क्रिकेट प्रेमियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है।

### जीत का उत्सव मनाया

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। जश्न के दौरान पूरे चौक का माहौल देशभक्ति के नारों और पटाखों की आवाज से गूंज उठा। युवाओं ने ढ़ोल-नगाड़ों के साथ नाचते हुए भारत की जीत का उत्सव मनाया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भागीरथ पंचारिया, मुकेश भादू, हनुमान भार्गव, मुकेश लखारा, राजू सिक्का, चैना राम, पवन तिवाड़ी, सद्दीक, चांद मोहम्मद, आरिफ सहित कई क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने भारतीय टीम को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

## विशिष्ट महिलाओं का हुआ सम्मान



लाडनूं (नवयत्न)।

स्थानीय पीएम श्री राजकीय केसर देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस संस्था प्रधान विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता और ओमशंकर गर्वा प्रधानाचार्य जसवंतगढ़ के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजयश्री शर्मा, राष्ट्रीय बेंडमिंटन खिलाडी मेघना और हर्षिता का सम्मान किया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि हर बालिका को अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अध्ययन करना चाहिए। बालिका को अपनी सुरक्षा स्वयं करते हुए निर्भय रूप से जीवन जीना चाहिए। राष्ट्रीय खिलाडी मेघना गर्वा व हर्षिता गर्वा ने कहा की जीवन में संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षक शिवशंकर बोहरा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला के समाज में अनेक रूप है कही दया की मूर्त तो कही ममता की सूरत है एक महिला के शिक्षित होने पर दो परिवार शिक्षित होते है। प्रधानाचार्य गर्वा ने कहा की नारी का सशक्त होना समाज सशक्त होना है। आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता परमेश्वरी, पूनम चौधरी, शशि शर्मा, रीना शर्मा, ज्योति कंवर, पूनम वर्मा, दयाराम मारोठिया, शंकर लाल, आकिब जावेद, रामगोपाल, प्रेमलता, गजानंद शर्मा, नीलेश पारीक का सहयोग रहा। इस दौरान एसडीएमसी सदस्य रमजान अली, इशाक मोहम्मद छींपा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन सरोज बाला ने किया।

# पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बबाई में पेयजल की समस्या के चलते आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने एईएन कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर एईएन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से करवाने की मांग की है। विष्णु नायक ने बताया कि गांव बबाई में वार्ड नंबर 13 राजपूत का मोहल्ला व स्वामियों का मोहल्ला में पानी की कई दिनों से समस्या बनी हुई है, जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। विभाग द्वारा की जाने वाली सप्लाई में तीन दिन से एक या दो मटके पानी आता है जिसमें लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्ड नंबर 2 में रहीश चौधरी के मकान के पास सती माता के मंदिर के सामने पानी की भयंकर समस्या बनी हुई है, वहां पाइपलाइन होते हुए भी ग्रामीणों को पानी नहीं आता। वार्ड नंबर 7 में घनश्याम पटवारी के मकान के सामने पानी की पुरानी पाइपलाइन है और जर्जर हो चुकी है, जिसमें पानी नहीं आता। ग्रामीणों ने नई पाइपलाइन डलवाने की मांग की जिससे ग्रामीणों की पानी की समस्या का समाधान किया जा सकता है सहायक अभियंता ने ग्रामीणों को 15 दिन में समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर 15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो समस्त ग्रामीण सर्व समाज के कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस मौके पर सुनील नायकए विष्णु कुमार नायक, सुरेंद्र सिंह शेखावत, इमरान कुरेशी, महेंद्र शेखावत, चिंटू स्वामी, विजेश कुमावत, मोनू राजपूत, सुमित कुमावत, दयानंद कुमावत, मंजू स्वामी, सरोज देवी, पुष्पा देवी, पुष्पा स्वामी, रीना, माया देवी, ममता कंवर, उत्सव कंवर, विमला देवी, नीतू स्वामी, शारदा देवी, सुमित्रा देवी, रेखा स्वामी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं।

31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णत: वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## ज्ञानशाला का वार्षिक उत्सव आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** ज्ञानशाला का वार्षिक उत्सव शासन गौरव साध्वी राजीमती के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण से की गई। इस अवसर पर ज्ञानशाला के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें नाटिकाएं, कविताएं और धार्मिक गीतिकाएं शामिल थीं। ज्ञानशाला के प्रशिक्षकों ने भी गीतिकाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में शिशु संस्कार बोध परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। विवेक भूरा और आयुष मालू को श्रेष्ठ ज्ञानार्थी के रूप में विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सभी ज्ञानशाला विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया ताकि उनमें उत्साह बना रहे। ज्ञानशाला की सभी प्रशिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया। इनमें राजकुमारी मरोठी और रेखा सेठिया को श्रेष्ठ प्रशिक्षिका के रूप में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन ज्ञानशाला संयोजिका अनुभा भूरा ने किया। इस अवसर पर सभाध्यक्ष शुभकरण चोरड़िया, मंत्री मनोज घीया, युवक परिषद् मंत्री सुरेश बोथरा, महिला मंडल उपाध्यक्ष सीमा घीया, सुशील भूरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में ज्ञानशाला के प्रमुख प्रभारी महावीर नाहटा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानशाला बच्चों के नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास का एक सशक्त माध्यम है।

## चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिन 13 मार्च को मनाया जाएगा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिन आगामी 13 मार्च को श्री कल्याण आरोग्य सदन अतिथि भवन सांवली में मनाया जाएगा। इस मौके पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के द्वारा चयनित दिव्यांगों को मौके पर ट्राईसाईकिल, कृत्रिम पैर हाथ, कैलिपर्स, व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टीक का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान का आदिवासी समाज देगा जवाब : मीणा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा और पूरे आदिवासी समाज की अस्मिता का अपमान है। मीणा ने बताया कि 7 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दार्जिलिंग जिले में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल होने गई थी। इस दौरान राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति से जुड़े ब्लू बुक प्रोटोकॉल का समुचित पालन नहीं किया गया।

पहले कार्यक्रम स्थल विधाननगर तय था लेकिन बाद में इसे गोसाईपुर (सिलीगुड़ी) स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि ऐसे बदलाव के लिए राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के समय मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित होती है लेकिन कार्यक्रम में इनकी अनुपस्थिति रही। इसके अलावा कार्यक्रम में पास जारी करने की प्रक्रिया में अव्यवस्था, मार्गों की सफाई नहीं होना, स्थल पर कचरे के ढेर, शौचालयों में पानी और पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने जैसी गंभीर कमियां भी सामने आई। गोपीचंद मीणा ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केवल देश की राष्ट्रपति ही नहीं बल्कि करोड़ों आदिवासियों के आत्मसम्मान और गौरव का प्रतीक हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार का अपमान पूरे आदिवासी समाज को आहत करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ऐसे मामलों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा। मीणा ने कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी अन्य मुद्दों पर बयान देती है लेकिन देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति के अपमान पर मौन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट 2026-27 में 42 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाएं जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## 15 मार्च को होगा जयपुर ऑडिशन का आयोजन




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश के प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मंच इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राजस्थान की प्रतिभाशाली युवतियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से मिस ग्लैम राजस्थान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रतियोगिता के पहले सीजन का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया गया। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया राजस्थान एवं भारत 24 नेशनल न्यूज चैनल के सीएमडी डॉ. जगदीश चंद्र ने पोस्टर का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इंडिया ग्लैम आज देश का एक विश्वसनीय और प्रतिष्ठित मंच बन चुका है, जो युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रहा है। मिस ग्लैम राजस्थान जैसे स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट से राजस्थान की युवतियों को मॉडलिंग और फैशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का सुनहरा मौका मिलेगा। इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक ने इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र को मिस ग्लैम राजस्थान के ग्रैंड फिनाले के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मिस ग्लैम राजस्थान की डायरेक्टर कीर्ति टांक ने बताया कि यह स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट भारत 24 नेशनल न्यूज चैनल, फर्स्ट इंडिया राजस्थान तथा ब्लैक रॉक होटल एंड रिसोर्ट ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मंच उन प्रतिभाशाली युवतियों के लिए एक शानदार अवसर है, जो मॉडलिंग और फैशन जगत में अपना करियर बनाना चाहती हैं। उन्होंने आगे बताया कि मिस ग्लैम राजस्थान के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, पहनावा और विरासत को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मंच मिलेगा, जहाँ वे अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्रतिभा के साथ राजस्थान की संस्कृति को नए अंदाज में दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगी। मिस ग्लैम राजस्थान के जयपुर ऑडिशन का आयोजन 15 मार्च रविवार को क्लब टेडी, सोडाला पालिका बाजार के सामने, जयपुर में प्रात: 11 बजे से किया जाएगा, जिसमें पूरे राजस्थान से इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकती हैं। इस भव्य आयोजन का ग्रैंड फिनाले 5 अप्रैल को अनंत महल, मानसरोवर जयपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म और फैशन इंडस्ट्री के साथ-साथ राजस्थान की कई जानी.मानी हस्तियां शामिल होंगी।

## विश्वस्तरीय जाइंस स्काईपॉइंट स्टेंट से बचाई मरीज की जान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रियुष न्यूरो हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने अस्पताल का पहला एंजियोप्लास्टी कर मरीज को पूरी तरह करने में सफलता हासिल की है। हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉण् मनोज गोदारा के निर्देशन में यह सफल सर्जरी हुई। डॉ. गोदारा ने बताया कि मरीज सुबह हृदयघात की शिकायत लेकर अस्पताल में भर्ती हुआ था, जिसका डायग्नोसिस के दौरान एंजियोग्राफी से पता चला कि मरीज की लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग धमनी में गंभीर रुकावट थी। डॉ. गोदारा ने तुरंत एंजियोप्लास्टी की दुनिया के सबसे उन्नत स्टेंट्स में शुमार एबॉट के जाइंस स्काईपॉइंट को इंप्लांट किया। यह स्टेंट मार्च 2026 में ही भारत में लॉन्च हुआ है और इसकी उन्नत तकनीक से स्टेंट थ्रोम्बोसिस का जोखिम न्यूनतम होता है, जो मरीजों के लिए वरदान साबित होता है। प्रियुष न्यूरो हॉस्पिटल के मालिक डॉ. योगेंद्र गुप्ता और एडमिनिस्ट्रेशन प्रमुख डॉ. उषा गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीकों से लबरेज विश्वस्तरीय मशीनें है एवं एक्सपर्ट चिकित्सको की टीम है, यही वजह है कि गंभीर मामलों में भी परिणाम बेहतर रहते हैं।

## एडीपीएस के मामले में आरोपी बरी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एएनडीपीएस के एक मामले में न्यायालय ने एक आरोपी को बरी कर दिया है। दरअसल मई 2017 में मोनू कुमार पुत्र करनैल सिंह निवासी फतेहाबाद बाइक सवारी करते वक्त हादसे का शिकार हुआ था। सालासर पुलिस ने जब बाइक पर लगे बैग को चैक किया तो उसमें 19 किलो 7 सौ ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने बाईक सवार को ही अस्पताल में ईलाज के बाद गिरफ्तार किया। इसी मामले में बाइक के मालिक परविन्द्र सिंह पुत्र करनैल सिंह को अरेस्ट किया। मामले में परविन्द्रसिंह को एडीजे न्यायालय ने सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। एडवोकेट अयूब खान ने परविन्द्र की ओर से न्यायालय में पैरवी की। वहीं मुख्य आरोपी मोनू इस मामले में फरार है और उसकी गिरफ्तारी के बाद उस पर फिर से न्यायालय में मुकदमा चलेगा।

## 28 किलो 250 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बीकानेर की एएनटीपी टीम व सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफकार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआई बेगाराम मीणा ने बताया कि एएनटीएफआईजी विकास कुमार के निर्देश पर बीकानेर की टीम ने प्रभारी महेन्द्र दत शर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए महेन्द्र कुमार एवं सुभाष कुमार निवासी सुजानगढ़ को ठरड़ा रोड सुजानगढ़ से गिरफ्तार कर करीब 15 लाख का 28 किलो 250 ग्राम गांजा तथा चौबीस हजार रूपये नगद बरामद कर एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

## गौड़ ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

**जयपुर ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च को गौड़ ब्राह्मण समाजोपयोगी भवन, भगवान परशुराम परिसर, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर में किया जाएगा। इन सम्मेलनों में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी प्रविष्टियां प्राप्त होती रही हैं। जो अभिभावक अपने पुत्र-पुत्री के लिए सुयोग्य वर-वधु की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इस सम्मेलन का विशेष लाभ मिलेगा। सम्मेलन में विदेशों में निवासरत परिवारों सहित सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी, एडवोकेट, डॉक्टर, इंजीनियर, नौकरीपेशा एवं व्यवसायी वर्ग के युवक-युवतियों के बायोडाटा उपलब्ध होंगे।

## पिता की स्मृति में संत सोमनाथ महाराज को भेंट की एक बीघा भूमि



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे के स्वर्गीय डूंगरमल निराणीय की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी एवं उनकी 6 पुत्री लाली देवी, विजयलक्ष्मी, पार्वती देवी, सोनू, ललिता व स्वर्गीय मंजू प्रजापत ने राजलदेसर कस्बे के भोला बाबा बगीची के महंत सोमनाथ महाराज को एक बिग्गा भूमि नेशनल हाईवे ग्यारह जीत रिसॉर्ट के सामने दान की है डूंगरमल की पुत्री का कहना है हमारे पिताजी की अंतिम इच्छा थी कि किसी धार्मिक स्थल के लिए भूमि देनी है इस उद्देश्य से हम सभी बहनों ने एक बीघा भूमि संत सोमनाथ महाराज को आज तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर जमीन के कागजात महाराज श्री को भेंट किया। इस अवसर पर उनकी पुत्री ने बताया आज संतो को हमने भूमि दी है। आने वाले समय में इस जगह पर बहुत ही भव्य धार्मिक स्थल बनेगा हमारा इसमें सहयोग भी रहेगा आज हमने जमीन भेंट करके हमारे पिताजी की अंतिम इच्छा पूरी की। इस अवसर पर महाराज श्री ने कहा भूदान सबसे बड़ा होता है जो आज इन बेटियों ने भूदान किया है उनके परिवार में हमेशा खुशी की लहर बनी रहे हैं। इस अवसर पर भगवानदास स्वामी, दौलतराम जाट, राजेंद्र प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने महाराजश्री का पुष्प वर्षा करके एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

## समस्या समाधान शिविर 13 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन 13 मार्च को सुबह 11 बजे बलिदानी योद्धा जयपाल चलका, सेना मेडल स्मारक, खींवासर में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि आसपास के गांवों के सभी पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं तथा उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में पेंशन, स्पर्श पीपीओ, रिकॉर्ड संबंधी प्रकरणों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आते समय अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

## 12 मार्च को लगेगा विशेष शिविर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दूर दराज क्षेत्र के पेंशनर्स को अपनी परिवेदनाओं शिकायतों के समाधान के लिए संभाग स्तर पर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क करना पड़ता है। पेंशनर्स की मुख्य परिवेदना जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के भुगतान से सम्बंधित होती है। पेंशन विभाग द्वारा कोष कार्यालय स्तर पर पेंशनर्स की परिवेदनाओं के निवारण के लिए 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपकोष पेंशन झुंझुनू में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए अतिरिक्त कोषाधिकारी पेंशन प्रेरणा कालेर को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मानसरोवर विराट सिंधु मेला 16 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति सेक्टर-12 अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में मानसरोवर विराट सिंधु मेला-2026 का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में यह मेला अग्रवाल फार्म स्थित एसएफएस सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। श्री झूलेलाल फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार लख्वानी ने बताया कि दोपहर 2 बजे शीश महल झूलेलाल मंदिर से भव्य ज्योत यात्रा निकाली जाएगी। जो मध्यम मार्ग से होते हुए एसएफएस सामुदायिक केंद्र पहुंचेगी। यहां श्री अमरापुर स्थान के संत सांई मोनू राम महाराज एवं संत मंडली के सान्निध्य में ज्योत प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण होगा। मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में इंडियन आइडल फेम मोहित शेवानी का लाइव कॉन्सर्ट पहली बार जयपुर में आयोजित होगा। वे अपनी टीम के साथ जर्नी ऑफ सिंधीज की संगीतमय प्रस्तुति देंगे, जो सिंध, सिंधी और सिंधियत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7:15 बजे से शुरू होंगे। मेले में सिंधु संस्कृति को दर्शाती झांकियां, भगवान झूलेलाल चित्र रंग भरो प्रतियोगिता तथा सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अप्रैल 2025 के बाद जन्मी नवजात बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर मार्च माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तिहावली, 18 मार्च को नेछ्वा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूल्याणी, 25 मार्च 2026 को खण्डेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तपीपल्या में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर में वर्ष 2022 के लिए स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा राजस्थान फतेहपुरा वेगस में आयोजित की जाएगी। निदेशालय गृह रक्षा राजस्थान की ओर से गठित चयन समिति के सदस्यों की मौजूदगी में यह प्रक्रिया पूरी होगी। समिति में केन्द्र या गण के समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि और जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस प्रक्रिया में 269 रिक्त पदों के लिए 67 हजार 943 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

अभ्यर्थियों को नामांकन की सूचना मोबाइल पर एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी, जिसके बाद वे विभागीय वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। लगभग तीन सप्ताह तक चलने वाली इस प्रक्रिया में अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दिए निर्देशों का पालन करते हुए मूल निवास, आयु, शैक्षणिक योग्यता, जाति, चिकित्सा, विवाह और पुलिस सत्यापन सहित आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे। नामांकन स्थल में प्रवेश के बाद दस्तावेज लाने के लिए बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# आक्रोशित लोगों ने किया रास्ता जाम

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय शिवबाड़ी रोड पर स्थित नाथोतालाब के पम्प हाउस के पास आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने सड़क जाम कर दी। दरअसल यहां पर समय पर न तो नालों की सफाई हुई है और ना ही पानी की सप्लाई में स्वच्छ पेयजल आ रहा है। बदबू के आलम से परेशान लोगों ने दिन में करीब साढ़े 11 बजे आम रास्ता तीनों साइड से रस्सियां लगाकर बंद कर दिया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस थाने के एएसआई नंदकिशोर मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाईश के प्रयास किए। इस दौरान कुछ लोगों में इस बात को लेकर आपसी जिद बहस भी हुई कि हमें यहीं पर धरना देना चाहिए या फिर नगरपरिषद पर जाकर ज्ञापन देना चाहिए। कुछ देर समझाईश के बाद पुलिस वहां से चली गई। लोग इस बात को लेकर अड़े रहे कि नगरपरिषद के अधिकारियों को मौके पर ही बुलाया जावे। दूसरी ओर मौके पर पंप हाउस को चलाने के लिए एक कार्मिक भी आया और उसने बताया कि पम्प ने एयर ले ली थी, जिसके चलते यह बंद था। लोगों ने बताया कि पम्प हाउस में एक मोटर तो परमानेंट ही खराब पड़ी है। दूसरी ओर मोहल्ले की महिलाओं मुमताज बानो, बरकत बानो, मंजू देवी, रतनी आदि ने बताया कि पिछली बारिश से काफी बदतर हालत इस बार की बारिश की सीजन के बाद होगी क्योंकि अभी तक पानी निकासी के लिए कोई दूसरी पाईप लाईन नहीं डाली गई है। ना ही मोहल्ले के नालों की समय पर सफाई की जाती है, जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है और लोगों में काफी आक्रोश है। वहीं अन्य लोगों ने बताया कि नाथोतालाब के भराव क्षेत्र में प्रशासन रोज नए निर्माण करवा रहा है और पानी भराव की क्षमता घटाई जा रही है, जिसके कारण अब हर साल लोगों के घरों में पानी भरेगा और लोगों को लाखों का नुकसान होगा। लोगों ने कहा कि सेल्फी पोईंट विकसित करने के चक्कर में हमारे घरों को डुबाने की तैयारियां चल रही हैं। इस दौरान सुआ,



हेमलता शर्मा, छोटरी, शहनाज, सरीफन, हसीना, हीना बानो सहित अनेक महिलाए व मोहल्ले के लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर इस मामले में शाम को करीब पौने पांच बजे आयुक्त द्वारा 10 दिनों में समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया गया, तब जाकर लोगों ने रास्ता खोला और आम सहमति बनी।

# भोपालगढ़ फोर्ट मार्ग पर गेट लगाने के विरोध में व्यापारियों ने की दुकानें बंद

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी ट्रस्ट द्वारा भोपालगढ़ फोर्ट पर जाने वाले रास्ते पर गेट लगाकर अवरोध किए जाने के विरोध में सोमवार को व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। एसडीएम कार्यालय के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार सुनील कुमार को दिए ज्ञापन में बताया कि भोपालगढ़ फोर्ट का रास्ता आमजन की आवाजाही के लिए खुला रहना चाहिए। मार्ग पर गेट लगाकर अवरोध खड़ा करना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि खेतड़ी कस्बा रियासत कालीन समय के विश्व प्रसिद्ध कस्बा है।



रियासत कालीन समय से खेतड़ी में अनेक भवनों, महल एवं किलों का निर्माण करवाया गया था। भोपालगढ़ किला भी ऐतिहासिक रूप से रियासत कालीन समय में बनाया गया था, जिसका उपयोग तत्कालीन समय में सामरिक एवं रिहायसी निवास के लिए किया जाता था। भोपालगढ़ ग्राम में आज भी लोग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। खेतड़ी की राजसी संपत्ति के स्वामित्व को लेकर काफी समय से विवाद है। इसके बावजूद भी ट्रस्ट के लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। इसके अलावा खेतड़ी कस्बे में कई स्थानों पर ट्रस्ट ने कब्जा कर आवागमन के रास्ते में दिवार बनाकर रास्तों को बंद किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भोपालगढ़ किले पर लगाएं बेरिकेट्स को हटाकर सुचारु रूप से चालू करवाने, पूर्व में दर्ज करवाएं गए मुकदमे की निष्पक्ष जांच करवाने, प्राचीन मंदिरों पर किए जा रहे कब्जे हटवाने, केवल वसियत में वर्णित संपत्ति ट्रस्ट को देने, ट्रस्ट द्वारा खेतड़ी क्षेत्र में शिक्षा, छात्रवृत्ति और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने बताया कि यदि पांच दिन में उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, भामाशाह मनोज कुमार घुमरिया, महेंद्र पारीक, गजेंद्र पारीक, विजेश शाह, राजेश सांखला, सुधीर गुप्ता, विद्याधर सैनी, नवल किशोर पारीक, सीताराम वर्मा, बंटी शर्मा, इंद्राज सैनी, चंदगीराम सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सर्व विप्र समाज की महिलाओं की प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में स्थानीय श्री परशुराम अथिति भवन में श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति महिला मण्डल द्वारा सर्व विप्र समाज की महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन गत दिवस अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया। इस अवसर पर श्री परशुराम भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष गुवाहाटी संतोष शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूबी महर्षि, विशिष्ट अतिथि मंजुला चाकलान, रजनी शर्मा, रुति मिश्रा, सुनीता व्यास, संगीता आत्रेय एवं मुख्य वक्ता नीलम गौड़ मंचासिन उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में एकल गायन, राजस्थानी वेशभूषा, एकल एवं सामूहिक नृत्य, मटका फोड़, मोती पिरोओ प्रतियोगिता, आयोजित की गई। मुख्य वक्ता नीलम गौड़ ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम होने से महिलाओं में जागृति आत्मविश्वास और सम्बलता आती हैं तथा प्रतिभाओ को आगे बढ़ने से साथ साथ समाज को दिशा देने का अवसर मिलता हैं। कार्यक्रम में कलावती देवी पारीक, पूनम माटोलिया, मूली देवी पारीक, किरण जोशी, संगीता माटोलिया, पूजा पिपलवा, अमिता मुद्गल, सीमा चोटिया, शांति शर्मा, सुनैना चोटिया, आरती जोशी, गीता पिपलवा, किरण जोशी, पुष्पा हरितवाल, निर्मला शर्मा, कुसुम सांखोलिया, कुसुम जोशी, निर्मला चोटिया, नीलम धड़, युक्ति इंदौरिया, फाल्गुनी महर्षि सहित सैकड़ो मातृशक्ति उपस्थित थीं। गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष गुवाहाटी संतोष शर्मा ने समिति अध्यक्ष जय प्रकाश ताम्रायत, महिला मंडल अध्यक्ष यशोदा शर्मा एवं युवक संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा का प्रतीक चिन्हए एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया। अध्यक्ष यशोदा शर्मा ने समस्त मंचासिन अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुधा तामडायत ने किया।

# बच्चों के संस्कार निर्माण व नशा मुक्ति पर विशेष जोर

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति के तत्वावधान में अणुव्रत भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर पत्रकारों को अणुव्रत आंदोलन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। अणुव्रत विश्वभारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दूगड़ ने बताया कि अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में योगक्षेम वर्ष के अंतर्गत अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें। इसी क्रम में आचार्यश्री के सान्निध्य में 10 व 11 मार्च को जीवन विज्ञान उच्च शिक्षा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जीवन विज्ञान, नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े विषयों पर मंथन होगा। उन्होंने बताया कि जैन विश्व भारती



परिसर में बच्चों के संस्कार निर्माण के उद्देश्य से किडजोन का निर्माण किया जा रहा है।

जिस में बच्चों को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से प्रशिक्षित कर उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास किया जाएगा। उपाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल ने बताया कि समिति द्वारा बच्चों के संस्कार निर्माण के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा समाज में जागरूकता लाने के लिए विद्यार्थियों व आमजन में नशा मुक्ति अभियान भी चलाकर नषामुक्ति के संकल्प दिलवाये जायेगें। इस दौरान। समिति मंत्री राज कोचर, विनोद बच्छावत, प्रकाश चन्द्र सुराना, संगीता नाहर, सपना जैन भंसाली, नवीन नाहटा, आलोक कोठारी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## होमगार्ड नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च से

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र, झुंझुनूं के वर्ष 2022 के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन (भर्ती) प्रक्रिया की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कार्यालय समादेष्टा की ओर से जारी सूचना के अनुसार, झुंझुनूं केंद्र के 15 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 13370 अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में भाग लेंगे। यह पूरी नामांकन प्रक्रिया आगामी 20 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक परेड ग्राउंड, पुलिस लाइन सीकर में आयोजित की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जाएगी, जिसमें केंद्र, गण के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि और जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे। विभाग द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस और ई-मेल के जरिए सूचना भेजी जा रही है। अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की यह नामांकन प्रक्रिया लगभग 03 सप्ताह तक चलने की संभावना है, जिसमें विभिन्न जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र में दिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित समय और स्थान पर अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। इनमें मुख्य रूप से मूल निवास, आयु प्रमाणपत्र, शैक्षणिक योग्यता, विशेष योग्यता, जाति, चिकित्सा, विवाह प्रमाणपत्र और पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नामांकन स्थल पर एक बार प्रवेश करने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को दस्तावेज लाने के लिए वापस ग्राउंड से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अनधिकृत निर्माण पर निगम की कार्रवाई, दो भवन और चार दुकानें सीज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर ने सोमवार को हवा महल-आमेर जोन में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो भवन और चार दुकानों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर की गई। जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि है रिटेज स्वरूप से छेड़छाड़ कर बिना स्वीकृति निर्माण करने पर कार्रवाई की गई है। शहर में भवन स्वरूप के विपरीत और अनधिकृत निर्माण की लगातार मिल रही शिकायतों तथा नोटिस के बावजूद निर्माण कार्य जारी रखने पर दो भवनों को सीज किया गया। इनमें चन्द्रशेखर आजाद कॉलोनी, स्कीम नंबर-03, मीणा कॉलोनी नाले के पास, चौकड़ी हवाली शहर शर्की शुमाली, जयपुर में प्रथम व द्वितीय फ्लोर का अनाधिकृत निर्माण तथा चन्द्रशेखर आजाद कॉलोनी, मीणा कॉलोनी नाले के पास स्थित भवन में प्रथम फ्लोर का बिना अनुमति निर्माण शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि निर्माणकर्ताओं को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर सीजर की कार्रवाई करनी पड़ी। जोन निरीक्षण के दौरान कई व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बिना सक्षम स्वीकृति के निर्माण करते पाए गएए जिस पर निगम की टीम ने मौके पर ही चार दुकानों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त सीमा चौधरी, सतर्कता शाखा, भवन शाखा और जोन टीम की ओर से संयुक्त रूप से की गई।

## महिला सुरक्षा पर राष्ट्रीय महिला आयोग और पुलिस अधिकारियों की बैठक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस मुख्यालय में महिला सुरक्षा और महिला संबंधित अपराधों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने महिला अपराध नियंत्रण के प्रयासों और नवाचारों पर चर्चा की। रहाटकर ने कहा कि हालिया आंकड़ों में महिलाओं से जुड़े अपराधों में गिरावट देखने को मिली है, जो सकारात्मक संकेत है। साथ ही कुछ मामलों में शिकायत दर्ज कराने की प्रवृत्ति बढ़ना महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ने का संकेत है। उन्होंने साइबर अपराधों में वित्तीय धोखाधड़ी पर



भी सतर्क निगरानी की जरूरत बताई। बैठक में राज्य व जिला स्तर पर राष्ट्रीय महिला आयोग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की पहल की सराहना की गई। रहाटकर ने आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को कानूनी प्रशिक्षण देने तथा थानों में एनजीओ काउंसलर्स की भूमिका मजबूत करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संवेदनशील मामलों को `स ऑफिसर स्कीम के तहत लेकर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जयपुर पुलिस का सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी अभियान भी महिलाओं में जागरूकता बढ़ा रहा है। बैठक में राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य सचिव सुदीप जैन, एडीजी सिविल राइट्स लता मनोज कुमार, एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला और डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में महिला अपराधों की स्थिति और लंबित प्रकरणों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति भी दी गई।

## फ्लोरेटो की देवांशी को इंस्पायर मानक अवॉर्ड

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाले इंस्पायर मानक अवॉर्ड हेतु जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ्लोरेटो कैम्ब्रिज एवं आईसीएसई वर्ल्ड स्कूल की ग्रेड 9 स्टूडेंट देवांशी दाधीच का चयन हुआ है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु दिये जाने वाले इस अवॉर्ड के लिए देवांशी को 10 हजार रूण् की छात्रवृत्ति पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुई है। छात्रा की इस सफलता पर प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, फ्लोरेटो प्रबंध निदेशिका डॉ. मिनाली सुण्डा एवं प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने देवांशी एवं अभिभावकों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

## सम्पादकीय

# बढ़ता तापमान

हाल के वर्षों में कम समय के सर्दी के मौसम के बाद तापमान में अचानक वृद्धि, मौसम के पैटर्न में आ रहे असामान्य बदलाव का स्पष्ट संकेत है। सर्दी के बाद वसंत के मौसम का जल्दी चले जाना और जल्दी गर्मी का आना क्षेत्रीय वायुमंडल परिवर्तनों और दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन का कारण माना जा रहा है। जाहिर है मौसम के मिजाज में आ रहे इस असामान्य बदलाव का हमारे जीवन और आजीविका पर गहरा प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा, जिसको लेकर देशव्यापी चर्चा जारी है। खासकर उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र में इसके नकारात्मक आर्थिक परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। चिंता की बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश के सेब के बागों में, कम होती ठंडक से उत्पादकता में गिरावट देखी जा रही है। दरअसल, मौसमी बदलाव फलों के नाजुक जैविक चक्र को बाधित कर रहा है, जिसके चलते उपज में भारी नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। इससे बचने के लिए अनुकूलन उपायों में जलवायु अनुरूप बागवानी पद्धतियों को अपनाने और दीर्घकाल में सेब पट्टी को ऊंचे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की जरूरत होगी। आवश्यकता होगी कि हम सूखा-सहिष्णु फसलों को अपनाएं। कम जल के बेहतर उपयोग के प्रयास हों। अब सिर्फ वैकल्पिक फसलों के भरोसे ही नहीं रहा जा सकता, कई मोर्चों पर पहल करने की जरूरत होगी। कुल मिलाकर एक स्पष्ट रणनीति को अपनाकर हम बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभावों से बच सकते हैं। निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं है कि मार्च के पहले सप्ताह में उच्च तापमान का महसूस होना, आने वाले संकट का स्पष्ट संकेत है। अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में ग्रीष्म ऋतु में आने वाले लू के दिनों की संख्या 1980 के बाद से दुगनी से भी अधिक हो गई है। हमारे देश में तीव्र शहरीकरण, सघन निर्माण और हरित क्षेत्रों के लगातार जारी क्षरण के चलते भी तापमान में वृद्धि हुई है। ऐसे में बढ़ते तापमान से उत्पन्न जल व ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तत्काल कारगर योजनाओं की जरूरत है। इसके साथ ही शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में तेजी से होने वाले परिवर्तन के इस नये असामान्य परिदृश्य के लिए नागरिकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के लिए भी एक नया चार्टर बनाने की आवश्यकता होगी। सरकारों की तैयारियों को लेकर भी स्पष्ट रीति-नीति का निर्धारण जरूरी है। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के निस्तारण के लिए रणनीतियों को लेकर सहभागी दृष्टिकोण प्रभावकारी हो सकता है। आने वाले समय में मौसम की चरम स्थितियां घातक साबित हो सकती हैं, जिनका मुकाबला मौजूदा अपर्याप्त प्रशासनिक योजनाओं के जरिये संभव न होगा। इसके लिए कारगर रणनीतियां बनाने की जरूरत होगी। हमें बिजली की अनुमानित मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करना होगा। समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श जारी करने तथा प्रभावी उपचार की उपलब्धता भी जरूरी होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि हमें बिजली और पानी की बर्बादी पर रोक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे।

## ● विशेष आलेख

# मानवता चुका रही है भीषण युद्ध की कीमत



वैश्विक शक्तियां अगर एक-दूसरे के परमाणु केन्द्रों पर हमले करेंगी तो परमाणु रिसाव शुरू हो सकता है। अगर रेडियो-एक्टिव रिसाव शुरू हो गया तो तबाही से घबराकर बड़े शहरों को खाली करने की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जो भीषण युद्ध छिड़ गया है, उसके बीच संवाद की कोई गुंजाइश नजर नहीं आती। बल्कि हर रोज युद्ध का विस्तार बढ़ता जा रहा है। एक ओर ईरान है और उसकी जुनूनी सैनिक ताकत, जो अपने शिया सुप्रीमो खामेनेई की मौत का बदला खून की आखिरी बूंद तक लेना चाहती है। दूसरी ओर है अमेरिका की महाशक्ति और मध्यपूर्व का चेहरा इस्राइल, जो कहने को तो ईरान के परमाणु शक्ति बनने पर अंकुश लगाने के लिए युद्ध में कूदा है। लेकिन उसके निरंकुश मंसूबे किसी से छिपे नहीं हैं। दुनिया में शांति के नाम पर तबाही का पहाड़ा पढ़ा जाने लगा। जहां-जहां भी यह पहाड़ा शुरू हुआ, चाहे यह यूक्रेन और रूस के बीच हो या अब नये युद्ध केन्द्र पाकिस्तान और अफगानिस्तान या संभावित युद्ध केन्द्र चीन और ताइवान, यह पहाड़ा तबाही का सबब बन रहा है।

बहरहाल, ईरान और अमेरिका-इस्राइल संघर्ष दुनिया के युद्धरत और दूसरे देश भी संभावित तबाही के भय से कांप रहे हैं। जिस तरह से यह युद्ध आतंकवाद को नियंत्रित करने के नाम पर लेबनान और ब्रिटिश बेसों वाले साइप्रस तक फैल गया है, उससे सबकी चिंता और भी बढ़ गई है। सोचा गया था कि इतनी शक्तियां मिलकर इस युद्ध को कुछ दिन में निपटा देंगी। जिस तेजी से परेशानियां बढ़ रही हैं, उस तेजी से युद्ध निपटने के अवसर भी हैं। लेकिन जहां बड़ी ताकतें अपनी ताकत से मदमत्त हों, वहां हर दिन शांति की गुंजाइश कम होती है और युद्ध की भीषणता की आशंका बढ़ती है।

लेकिन इस संभावना में एक और खतरनाक बात भी सामने आ रही है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी आईआईए के न्यूक्लियर वॉच डॉग ने एक और चेतावनी जारी की है कि परमाणु शक्तियों सावधान हो जाओ! जिस तरह से भीषण जंग हो रही है, परमाणु बम चलाए बिना परमाणु तबाही हो सकती है। यह सही है कि अभी तक ऐसी तबाही नहीं हुई है लेकिन परमाणु एजेंसी के मुखिया राफेल ग्रामसी कहते हैं कि चाहे बम नहीं चलाओगे, लेकिन एक-दूसरे को पस्त करने के लिए वैश्विक शक्तियां अगर एक-दूसरे के परमाणु केन्द्रों पर हमले करेंगी तो परमाणु रिसाव शुरू हो सकता है। अगर रेडियो-एक्टिव रिसाव शुरू हो गया तो तबाही के भय से घबराकर बड़े शहरों को खाली करने की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए राफेल ग्रामसी ने कहा कि जल्द से जल्द इस युद्ध को संवाद की सहायता से रोकिए। वैसे अभी तक रेडिएशन का स्तर सामान्य है, लेकिन यह सामान्य रहेगा, इसकी क्या गारंटी है?

वैसे तबाही तो कई और आयामों से भी झांक रही है। इस लड़ाई में तेल आपूर्ति का सामान्य समुद्री मार्ग, जिसमें से तेल टैंकरों की बीस प्रतिशत आवाजाही है, वह ध्वस्त हो गया है। सऊदी अरब स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी ड्रोन हमले की शिकार हो गई है। उसे अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। कतर एनर्जी ने एलएनजी का उत्पादन बंद करने की घोषणा कर दी। पहले झटके में यूरोप में तेल और गैस की कीमतें उछल गई हैं। तीसरी दुनिया के देश और भारत कब तक बचेंगे? पूरा विश्व परेशान हो रहा है। अमेरिका को उम्मीद थी कि अगर ईरान में से खामेनेई और उनके साथी साफ कर दिए जाते हैं तो बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई से संत्रस्त जेन-जी युवा विरोध में सड़कों पर उठ खड़े होंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ बल्कि वहां सत्ता पर खामेनेई समर्थकों का ही वर्चस्व है और वे करो या मरो के अंदाज में लड़ाई लड़ रहे हैं। दूसरी ओर ट्रम्प अभी परेशान है कि ब्रिटेन और फ्रांस मौन समर्थन दे रहे हैं, युद्ध में कूदे क्यों नहीं? दूसरी ओर रूस और चीन का भी मूक समर्थन ईरान के साथ है। चीन ने अभी फिर अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला करने पर नाराजगी जताई है।

इस समय संघर्ष में बड़े हमले हो रहे हैं। अरब देश जंग में एक या दूसरा पक्ष लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ऐसी हालत में भारत का स्टैंड यही है कि बंद करो ये मौत का पागलपन, और अपनी लड़ाई को संवाद से रोको। लेकिन यहां तो अमेरिका व इस्राइल का लक्ष्य यह है कि ईरान में सत्ता बदलेगी, तभी संवाद शुरू करेंगे।

ऐसे में मौत का यह तांडव कैसे नियंत्रित होगा जबकि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के लिए कमजोर शक्ति सिद्ध हो चुका है। अमेरिका द्वारा बनाया गया पीस बोर्ड वजूद में आए, इससे पहले ही यह भयानक जंग शुरू हो गई। इसलिए यह एक सामूहिक तबाही का युद्ध साबित हो सकता है। भारत जैसे विकासशील देश जो अहिंसा की राह पर चलते हुए वसुधैव कुटुम्बकम? का सपना देख रहे थे, उनके लिए एक मुश्किल इम्तिहान पैदा हो गया। उनके आसमान में तबाहियों के ये मशवरे हर ओर लहराने लगे। इससे बचकर पूरी दुनिया में शांति स्थापना का बिगुल कैसे बजाया जाए, आज तीसरी दुनिया के देशों का नेतृत्व करने वाले भारत के सामने यही चुनौती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# आंखों की रोशनी बढ़ाने में मददगार हो सकती हैं यह आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां

**आंखें हमारे शरीर का अभिन्न हिस्सा है। आंखों के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। आंखों की वजह से ही हम हर चीज को देख पाते हैं। लेकिन समय के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है और आंखों से जुड़ी परेशानियां भी होने लगती हैं। आजकल के समय में नजर कमजोर होना एक आम समस्या बन गई है। लगातार मोबाइल या कंप्यूटर का इस्तेमाल करने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। आजकल छोटे-छोटे बच्चों को भी चश्मा लग रहा है। इससे लंबे समय में आंखों को गंभीर नुकसान भी हो सकता है।**

### त्रिफला

त्रिफला, एक प्राचीन जड़ी-बूटी है जिसका इस्तेमाल कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए किया जाता है। त्रिफाता को आंवला, हरड़ और बहेड़ा को मिलाकर तैयार किया जाता है। त्रिफला का सेवन आंखों की रोशनी बढ़ाने में काफी लाभकारी साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, त्रिफला आंखों की जलन, मोतियाबिंद और कंजंक्टिवाइटिस जैसी समस्याओं को दूर करने में भी कारगर है। इसके लिए एक चम्मच त्रिफला के चूर्ण को सुबह-शाम ताजे पानी और शहद के साथ मिलाकर खाएं।

### मुलेठी

मुलेठी कई औषधीय गुणों का खजाना है। यह न सिर्फ खांसी को दूर करती है, बल्कि आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आंखों में जलन होने पर भी मुलेठी का इस्तेमाल करने से लाभ पंहुचता है। मुलेठी का सेवन करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है और आंखों से जुड़े रोगों में फायदा मिलता है। इसके लिए मुलेठी के क्वाथ से आंखों को धोएं। इसके अलावा, मुलेठी पाउडर में बराबर मात्रा में सौंफ का पाउडर मिलाकर सुबह-शाम खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है और आंखों का लालपन कम होता है।

### जीवंती

आयुर्वेद में जीवंती को जीवन रक्षण औषधी कहा जाता है, क्योंकि यह कई बीमारियों को जड़ से खत्म करने में प्रभावी है। आंखों से संबंधित रोगों में जीवंती का इस्तेमाल काफी फायदेमंद माना जाता है। जीवंती के औषधीय गुण रतौंधी के इलाज में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके नियमित सेवन से आंखों की रोशनी तेज होती है और नाईट विजन में भी सुधार होता है। इसके लिए जीवंती के 5-10 ग्राम पत्तों को घी में पकाकर रोज सेवन करें। इससे आपको काफी लाभ होगा।

### गिलोय

आयुर्वेद में गिलोय को अमृता भी कहा गया है। इसका सेवन हमारे स्वास्थ्य और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गिलोय में कई औषधीय गुण होते हैं, जो आंखों की कई समस्याओं को दूर करने में कारगर होते हैं। इसके पत्तों में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए फायदेमंद है। इसके लिए गिलोय के रस में शहद डालकर सुबह-शाम सेवन करें।



### जंगली शतावरी

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए जंगली शतावरी एक अद्भुत औषधि है। यह जड़ी-बूटी आंखों की रोशनी तेज करने में बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। जंगली शतावरी का सेवन करने से आंखों में चमक बढ़ती है। इसके लिए जंगली शतावरी को शहद में मिलाएं और इसे गुनगुने दूध के साथ खाएं। इसे कुछ महीनों तक नियमित रूप से खाने से आपको काफी लाभ हो सकता है।

# पेरेंट्स की यह आदतें बच्चे को बना देती हैं दब्बू, अनजाने में आप तो नहीं कर रहे गलती?

कहते हैं कि बच्चे का व्यवहार, उसकी बातचीत का तरीका और उसका स्वभाव, सब घर से ही तय हो जाता है। ज्यादातर पेरेंट्स यही चाहते हैं कि उनका बच्चा होशियार, कॉन्फिडेंट और आत्मनिर्भर बने। इसके बावजूद हर बच्चे का व्यवहार अलग होता है, हर बच्चे की काबिलियत अलग-अलग होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर पेरेंट्स की पेरेंटिंग स्टाइल अलग होती है। कुछ पेरेंट्स ऐसे होते हैं, जो जाने-अनजाने अपने बच्चों को दब्बू किस्म का बना देते हैं। असल में, इसके पीछे बच्चे के साथ पेरेंट्स का बिहेव करते हैं, यह बात मायने रखती है।

**बहुत ज्यादा सख्त होना :** बच्चों के साथ सख्ती जरूरी है। लेकिन बहुत ज्यादा सख्ती करना भी अच्छी बात नहीं है। जब पेरेंट्स बच्चों के साथ ज्यादा सख्ती करते हैं, तो बच्चों के मन में अपने पेरेंट्स के खिलाफ डर बैठ जाता है। यह डर उनके दिल में इतने गहरे तक बस जाता है कि वे अपनी बात किसी के साथ शेयर करने से डरते हैं। अगर समय रहते पेरेंट्स ने अपने बच्चे के मन के डर को नहीं समझा, तो आपका बच्चा अन्य बच्चों की तरह सहज नहीं रह सकेगा। उसका विकास भी बाधित होगा।

**मार-पीट करना :** बच्चों के साथ मार-पीट करना कभी-भी, किसी-भी समस्या का समाधान नहीं होता है। बच्चे अगर शैतानी करें, तो जरूरी है कि उन्हें समझाया जाए और उन्हें बताया जाए कि जो काम वह कर रहे हैं, वह क्यों गलत है। इस सच्चाई को जानने के बावजूद, कई पेरेंट्स ऐसे हैं, जो अपने बच्चे को उनकी जरा-जरा



सी गलती पर मारने लगते हैं। मार-पीट करने से बच्चे का आत्मविश्वास पूरी तरह छलनी हो जाता है। जब बच्चे का आत्मविश्वास खो जाता है, तो उसके मन में डर बैठ जाता है। उसे लगने लगता है, वह जो भी काम कर रहा है, वह गलत है। सभी पेरेंट्स के लिए जरूरी है कि बच्चे के साथ मार-पीट करने के बजाय उसके प्यार से बातचीत करे।

### दूसरे बच्चे से तुलना करना

यह एक ऐसी गलती है, जो लगभग सभी पेरेंट्स करते हैं। यह एक ऐसी आदत है, जो आपके बच्चे के अंदर दूसरे बच्चे के प्रति ईर्ष्या, हिंसा और द्वेष पैदा कर सकती है। इसके साथ ही बार-बार दूसरे बच्चे से तुलना करने की आपकी यह आदत आपके बच्चे को किसी नए चीज की शुरुआत करेन से रोक सकती है। ऐसा करना सही नहीं है। ध्यान रखें कि बच्चे होने का मतलब है कि ढेरों शैतानियां, नई-नई कल्पनाएं। अगर आपकी आदत की वजह से बच्चे ने अपनी कल्पनाशीलता खो दी, तो उसके अंदर सिर्फ डर रह जाएगा, जो उसे कभी आगे बढ़ने नहीं देगा। इसलिए अपनी इस आदत में सुधार जरूर करें।

### मोटिवेट न करना

मौजूदा दौर में यह खूब देखा जा रहा है कि पेरेंट्स अपने बच्चे को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ भी कर गुजर रहे हैं। लेकिन वे एक चीज भूल रहे हैं, वह है बच्चे को मोटिवेट करना। याद रखें कि अगर आप बच्चे को मोटिवेट नहीं करते हैं, तो इससे बच्चे के मन को ठेस पहुंचती है। अगर आप बच्चे के मन को बार-बार ठेस पहुंचाएंगे, तो वे कभी भी खुद को आगे बेहतर साबित नहीं कर सकेंगे। बेहतर परफॉर्मेंस नहीं होने के कारण, वे खुद को दूसरों से पिछड़ा हुआ महससू करेंगे। पिछड़ापन और नाकामी बच्चों को दब्बू बना देती है। अगर आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा दब्बू बने, तो उसे मोटिवेट करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ होगा। घर में मित्रों और सगे- संबंधियों के आगमन से वातावरण प्रफुल्लित रहेगा।

### वृष

मां के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी कामों में लाभ मिलने की संभावना है। खट्टे- मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा।

### मिथुन

शारीरिक-मानसिक ताजगी के कारण काम करने का उत्साह होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है, इसलिए छोटे खर्च होने पर भी आप चिंता नहीं करेंगे। दोस्तों के साथ समय अच्छा कटेगा।

### कर्क

धार्मिक और मांगलिक कामों में उपस्थिति रहेगी। तीर्थ यात्रा पर जाने के संयोग बनेंगे। स्वभाव में गुस्से की मात्रा बढ़ेगी। विदेश से मित्रों या स्वजनों का समाचार मिलेगा। मानसिक अस्वस्थता और संतानों की चिंता से व्यग्रता का अनुभव होगा।

### सिंह

अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा। भाग्य आपका साथ देगा। घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

### कन्या

काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार- विमर्श होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुले मन से घरेलू चर्चा करेंगे। घर की सजावट करेंगे। नौकरी- व्यवसाय के लिए कहीं बाहर जाने की संभावना है।

### तुला

अपने काम को समय पर पूरा करने की कोशिश करें। आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी।

### वृश्चिक

पानी और आग का डर बना रहेगा। कानूनी या अनैतिक काम से मुसीबत में फंस सकते हैं। आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा।

### धनु

आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

### मकर

नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी। विरोधियों से सावधान रहें।

### कुंभ

सुरुचिपूर्ण भोजन और पत्नी तथा पुत्र से लाभ होगा। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। नौकरी- धंधे में लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। दांपत्यजीवन सुखमय होगा। आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे।

### मीन

आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है। मेहनत का परिणाम नहीं मिलेगा।

## प्रेमभाया महोत्सव कल से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हेरिटेज सिटी जयपुर की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए 86वां श्री प्रेमभाया महोत्सव 11 से 14 मार्च 2026 तक युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में आयोजित होगा। चार दिवसीय इस भक्ति संगीत समारोह में 250 से अधिक ढूंढाड़ी भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। जिनमें देश-प्रदेश के भजन गायक, संगीतज्ञ और वाद्य विद्वान अपनी संगीतमय हाजिरी लगाएंगे। समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने बताया कि शीतला अष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव जयपुर का एक विशिष्ट भक्ति संगीत समारोह बन चुका है, जिसकी प्रतीक्षा देश-दुनिया में बसे भक्त वर्षभर करते हैं। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 11 मार्च को दिन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री प्रेमभाया सरकार के पंचामृत अभिषेक और नवीन पोशाक धारण कराने से होगी। इसके बाद 11, 12 और 13 मार्च को रात 8 बजे से पूरी रात भक्ति संगीत समारोह आयोजित होगा, जिसमें देश-प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही 12,13 और 14 मार्च को दिन में महिला मंडलों द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन 14 मार्च को शाम 7 बजे नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो सत्संग स्थल से शुरू होकर परकोटे के विभिन्न मार्गों से होता हुआ अगले दिन सुबह 7 बजे पुन: सत्संग स्थल पहुंचकर सम्पन्न होगा। भक्त कवि पंडित युगल किशोर शास्त्री ने वर्ष 1940 में जयपुर की ढूंढाड़ी भाषा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को श्री प्रेमभाया सरकार नाम देकर भक्ति की इस परंपरा की शुरुआत की थी। तब से युगल कुटीर में प्रत्येक शनिवार को नियमित सत्संग का आयोजन होता आ रहा है। विशेष बात यह है कि इस वर्ष शीतला अष्टमी बुधवार को होने के कारण शनिवार के उत्सव को भी महोत्सव में शामिल किया गया है, जिससे यह आयोजन चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

## कवि सम्मेलन 18 मार्च को

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नव सम्वत्सर 2083 के आगमन के अवसर पर झुंझुनूं में 17वां विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए नव वर्ष समारोह समिति के सचिव राजकुमार मोरवाल ने बताया कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ला एकम् विक्रम सम्वत 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च, 2026, बुधवार को 17वां विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री राणी सती जी मंदिर झुंझुनूं के सौजन्य से होने वाले इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगें। कवि सम्मेलन में श्री रानी सती मंदिर के ट्रस्टी देवेन्द्र झुनझुनवाला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी अतिथि रहेंगे। राजकुमार मोरवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के रक्षण पोषण हेतु गत सतरह वर्षों से लगातार झुंझुनूं में नव संवत्सर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के रूप में मनाया जाता है। हजारों नागरिकों की उपस्थिति में होने वाले शेखावाटी के प्रसिद्ध एवं विराट कवि सम्मेलन में इस बार भी देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगें जिनमें अरूण जैमिनी, सुनिल जोगी, विनित चौहान, चिराग जैन, मनीषा शुक्ला, हरीश हिन्दुस्तानी काव्य पाठ करेंगे। जिसमें हास्य, वीर, श्रृंगार एवं देशभक्ति के रसों से परिपूर्ण यह कवि सम्मेलन शेखावाटी में अनूठा व बेजोड़ है। कवि सम्मेलन की व्यापक तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए एस एस मोदी विद्या विहार में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बड़ाऊ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें राजकुमार मोरवाल, मुकेश हलवाई, मनीष अग्रवाल, सूर्यकान्त टीबड़ा, बजरंग सिंह शेखावत, अनिल ढण्ड, राजेश गुप्ता, राजेश जुगाड़, सोमेश भारद्वाज, प्रेम प्रकाश मोदी, चिंटू नारनोली, दीपक नूआं, विनोद सिंघानियां, दिनेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, नरेन्द्र वर्मा, विपुल छक्कड़, गौवर्धन सैनी, पीके सिंह, अनिल मिश्रा, महेन्द्र सोनी, मुकेश फोटोग्राफर, कमल डालमिया, ओमप्रकाश शर्मा और संजय शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जामुन का पेड़ नाटक 15 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगशिल्प की ओर से रवींद्र मंच के संरक्षण और उसके महत्व को लेकर 15 मार्च को सायं 7 बजे रविंद्र मंच पर व्यंग्य नाटक जामुन का पेड़ का मंचन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह नाटक प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उनके कार्यकलापों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत करता है। साथ ही इसके माध्यम से रविंद्र मंच की वर्तमान स्थिति और राज्य सरकार की अनदेखी का मुद्दा भी उठाया जाएगा। रंगशिल्प का कहना है कि पर्याप्त बजट के अभाव में रविंद्र मंच की इमारत जर्जर होती जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों में कमी और लोगों की घटती भागीदारी भी इसी का परिणाम है। रंगकर्मियों और विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं ने समय-समय पर सरकार से रविंद्र मंच के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। रंगशिल्प का उद्देश्य इस नाटक के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना और यह याद दिलाना है कि रविंद्र मंच राज्य की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर है।

## ग्रहों के राजा सूर्य देव 15 मार्च को बदलेंगे अपनी चाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के राजा माने जाने वाले सूर्य देव 15 मार्च को अपनी चाल बदलने जा रहे हैं। सूर्य रात 01:08 बजे कुंभ राशि से निकलकर देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। सूर्य का यह गोचर 14 अप्रैल की सुबह 09:38 बजे तक मीन राशि में रहेगा। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार सूर्य आत्मविश्वास, सत्ता, नेतृत्व और प्राण शक्ति का प्रतीक है, जबकि मीन राशि करुणा, कल्पना, आध्यात्मिकता और संवेदनशीलता की प्रतिनिधि है। जब सूर्य की तेजस्वी ऊर्जा मीन की कोमल प्रकृति से मिलती है, तब यह समय व्यक्ति को तार्किक बुद्धि के साथ-साथ अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने के लिए प्रेरित करता है। इस अवधि में लोग अधिक भावुक, सृजनात्मक और आध्यात्मिक महसूस कर सकते हैं। साथ ही यह समय मानसिक थकान को दूर कर भावनात्मक रूप से स्वयं को संतुलित करने के लिए भी अनुकूल माना जाता है। यह गोचर विशेष रूप से सात राशियों के लिए शुभ परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।

## जिला खेल स्टेडियम का नामकरण लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह के नाम पर खुशी

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चूरू जिला खेल स्टेडियम का नाम तहसील के ग्राम कुसुमदेसर के महान योद्धा लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह राठौड़ के नाम पर करने की घोषणा करने पर ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने मिठाई बांटते हुए खुशी जाहिर की। चूरू जिला खेल स्टेडियम का नामकरण लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह के नाम पर करने के प्रयास पिछले काफी समय से चल रहे थे जिसके लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ विशेष प्रयासरत थे। यह जानकारी देते हुए भाजपा युवा नेता पवनसिंह कुसुमदेसर ने बताया किए लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह द्वारा गोवा मुक्ति संग्राम में नेतृत्व किया गया था, उन्होंने चीन के विरुद्ध 1967 के नाथुला दर्रे के संघर्ष में विजय प्राप्त की थी। 1971 के युद्ध में मेघना नदी पार करते हुए ढाका विजय प्राप्त की और इसी का परिणाम था कि पाकिस्तान के 93000 सैनिकों द्वारा भारत के समक्ष समर्पण किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह की उपलब्धियां और उनके महान नेतृत्व को सम्मान देते हुए आज राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जिला खेल स्टेडियम का नामकरण उनके नाम पर किया जाने की घोषणा की है।

# बावलिया बाबा की नगरी बुगाला में नवरात्रि पर होगा म्यूजियम का लोकार्पण

## संतों के सानिध्य में ट्रस्टी रतन सिंघानिया व आत्माराम शर्मा करेंगे लोकार्पण

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बावलिया बाबा की हवेली को म्यूजियम में परिवर्तित करने के बाद लोकार्पण 19 मार्च को किया जा रहा है। अरुण केडिया व डॉ सुरेंद्र सोनी ने बताया कि इस अवसर पर अपराह्न तीन बजे से ऊबली बालाजी से बुगाला तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को जगह-जगह पुष्प वर्षा व अल्पाहार से स्वागत किया जाएगा। बावलिया बाबा की भूमिका निभाने वाले जुगलकिशोर नायक भी रथ में सवार बाबा के स्वरूप में रहेंगे। यात्रा 5 बजे तक बुगाला पहुंचेगी जहां म्यूजियम का लोकार्पण किया जाएगा। उसके बाद भक्तजन आयोजन स्थल पर उपस्थित होंगे। जहां बावलिया बाबा की जीवनी व चमत्कारों पर आधारित प्रश्नोत्तरी होगी। सही उत्तर देने वाले भक्तों को उसी दौरान उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा 55 साल में किए गए जनहित के कार्यों की जानकारी दी जाएगी। रात्रि आठ बजे से भजन संध्या शुरू होगी जिसमें खेतड़ी के विजेंद्र भार्गव भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। उधर बाबा का महाप्रसाद शुरू रहेगा जिसमें भक्तगण पंगत प्रसादी लेंगे। इस दौरान अनेक संत भी उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण समारोह परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट मुंबई के सौजन्य से किया जा रहा है।



## लू-तापघात से बचाव के लिए जिला टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में आगामी दिनों में लू तापघात का प्रकोप होने पर किए जाने वाले विभागीय प्रबंधन पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को मौसमी विभाग की ओर से दी जाने वाली मौसमी की जानकारी को ध्यान में रखते हुए समुचित प्रबंध करने पर जोर दिया। उन्होंने मनरेगा कार्य स्थलों पर लोगों के लिए लू तापघात से बचाव के प्रबंध करने तथा उनके स्वस्थ ठण्डे पीने के पानी, छाया व बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मौसमी विभाग की ओर से अलर्ट की चेतावनी जारी किए जाने पर आपदा प्रबंधन का कार्य समुचित तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को लू तापघात की स्थिति से निपटने के लिए जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, जिला एपीडेमियोलॉजिस्ट डॉ अम्बिका प्रसाद जांगिड़ सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भागवत कथा में ध्रुव और प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री साईं नाथ सेवा धाम समिति की ओर से साईं बाबा के 20वें वार्षिकोत्सव पर राजापार्क स्थित सिंधी कॉलोनी के स्वामी सर्वानंद पार्क में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को जगदगुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने ध्रुव और प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि सच्ची आस्था किसी भी भय या प्रलोभन से डगमगाती नहीं है। उन्होंने ध्रुव की कथा सुनाते हुए बताया कि मात्र पांच वर्ष की उम्र में ध्रुव ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और ध्रुवलोक का वरदान पाया। कथा में भगवान कपिलदेव द्वारा माता देवहूति को दिए गए उपदेशों का भी वर्णन किया गया, जिसमें आत्मा और प्रकृति के भेद, मोह-माया से मुक्ति और योगाभ्यास के महत्व को बताया गया। साथ ही प्रह्लाद चरित्र के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति का संदेश दिया गया। आयोजन से जुड़े निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि महोत्सव के तहत मंगलवार को श्रीराम और श्रीकृष्ण चरित्र की कथा के बाद नंदोत्सव मनाया जाएगा। 11 मार्च को श्रीकृष्ण की बाल लीला के साथ गोवर्धन पूजा और 56 भोग सजाया जाएगा। 12 मार्च को रासलीला और रुक्मिणी विवाह कथा के बाद अंतिम दिन सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष के साथ कथा की पूर्णाहुति और पोथी विदाई होगी।

## विद्या संबल योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बालक, चूरू में कक्षा 6 से 8 उच्च प्राथमिक स्तर तथा कक्षा 9 व 10 माध्यमिक स्तर के लिए विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी के रूप में निजी अभ्यर्थियों या सेवानिवृत्त विषयाध्यापकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 23 मार्च, 2026 को दोपहर 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक सामाजिक विज्ञान के 01 रिक्त पद एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापक के 01 रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रिक्त पद के विरुद्ध यथासंभव 03 अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया जाएगा। योग्य अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक में प्राप्तांकों के आधार पर वरियता सूची के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बजट की उपलब्धता की शर्त पर वरिष्ठ अध्यापक सामाजिक विज्ञान को 350 रुपये प्रतिघंटा व अधिकतम मासिक मानदेय 25000 रुपए तथा शारीरिक शिक्षा अध्यापक को 300 रुपए प्रतिघंटा व अधिकतम मासिक मानदेय 21000 रुपए के हिसाब से दिया जाएगा। आवेदन हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 65 वर्ष रखी गई है। यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थाई है। यह रिक्त पद प्रतिनियुक्ति अथवा राज्य सरकार द्वारा अन्य रिक्ति से भरे जाने अथवा सत्र समाप्ति होने तक जो भी पहले हो उस अवधि के लिए रहेगी। आवेदन पत्र तथा विस्तृत जानकारी हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तों तथा शपथ पत्र के लिए राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बालक, चूरू कार्यालय के दूरभाष नंबर 01562-294586 पर अथवा कार्यालय विद्यालय समय में व्यक्तिश: सम्पर्क किया जा सकता है। पात्र अभ्यर्थी को मूल आवेदन पत्र व्यक्तिश: कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है।

## स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस


निसं

**बगड़ ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बगड़ स्थित स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी बगड़, पिरामल फाउंडेशन तथा गर्ल्स पावर महिला मंडल चिड़ावा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में पूरे जिले से लगभग 450 महिलाओं व बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताएं, आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा महिलाओं के लिए नि:शुल्क मेडिकल चेकअप का आयोजन भी किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तथा खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं व बालिकाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरपीएस अधिकारी अंबिका चौधरी रहे जबकि अध्यक्षता उपभोक्ता आयोग के न्यायाधीश मनोज मील ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीएमओ डॉ जितेंद्र भांभू, डॉ योगेंद्र हलवान, मोहित हलवान, बगड़ कांस्टेबल सुमन, सुनीता, प्रेम, रचना व पूनम कुमावत उपस्थित रहे। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन से कुलदीप, सुबोध चौधरी, माया भांभू,



विजेंद्र भाटिया, हितेश स्वामी और प्रियंका चौधरी तथा गर्ल्स पावर महिला मंडल चिड़ावा से पूजा शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन गोल्डी नेगी, सोना बडगूजर और अरविंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## 17 मार्च को लगेगा नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में स्व. इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रफीक कूकड़ा के सौजन्य से 17 मार्च को आयोजित होने वाले नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर व पैंपलेट का विमोचन द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त नेत्र शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा रोगियों की नि:शुल्क जांच कर ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जायेगा चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नि:शुल्क किए जाएंगे। विमोचन के दौरान डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, एडवोकेट पवन दाधीच, डॉ अपूर्व कोटिया, भामाशाह रफीक कूकड़ा, हरि प्रसाद तोदी, क्लब सचिव महावीर मिरनका, हाजी मोहम्मद, ललित सोनी, गिरधर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में जिला वक्ता नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 में जिला वक्ताओं की नियुक्त की गई है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने यह नियुक्ति की है। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि जिला वक्ता के रूप में करण सिंह, मनोहरलाल सैनी, नंदलाल शर्मा, वरूण कुशलेश शर्मा, प्रवीण लाटा, राजकुमार महला, रामचंद्र बगडिया, फूलचंद कुमावत, अशोक चौधरी, नेकीराम आर्य, दीपक बाजिया, दुर्गा हटवाल, मनोज सैनी, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, बलदेव सिंह खंडेला, नीलम मिश्रा, राजकुमार जोशी, राकेश नेहरा, रामप्रसाद मिश्रा, नवरंग लालासी, भागीरथ गोदारा, महेंद्र जोशी, रघुवीर सिंह तंवर, गोविंदराम बिजारणियां को नियुक्त किया है।

**जिला संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त**-भाजपा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 हेतु जिला संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त किए गए हैं। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने यह नियुक्ति की है। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि संयोजक के पद पर पूर्णमल गुर्जर जिला महामंत्री को नियुक्त किया है। सहसंयोजक के पद पर डॉ. अर्चना पुरोहित जिला मंत्री, विकास भास्कर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, महेश वर्मा जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा व राकेश बोराण जिला महामंत्री युवा मोर्चा को नियुक्त किया गया है।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर की ओर से ग्राम पंचायत झाड़सर छोटा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय अभयपुरा में न्याय आपके द्वार, वृक्षारोपण एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने न्याय आपके द्वार वृक्षारोपण एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में जागरूक किया। सभी को बाल विवाह नही करने व अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की शपथ दिलवाई गई। पीएलवी भाकर ने बच्चों को बताया कि इतिहास में 9 मार्च का दिन कई महत्वपूर्ण घटनाओं और प्रमुख हस्तियों के जन्म के कारण खास माना जाता है इसी दिन 1934 में अंतरिक्ष में पहुंचने वाले पहले मानव यूरी गागरिन का जन्म हुआ था उन्होंने 1961 में अंतरिक्ष की ऐतिहासिक उड़ान भरकर मानव इतिहास में नया अध्याय जोड़ा। इसके अलावा 1959 में इसी दिन बार्बी डॉल ने पहली बार अमेरिकन टॉय फेर में न्यूयॉर्क सिटी में पेश किया गया था इसके बाद यह दुनिया भर की बच्चियों के बीच बेहद लोकप्रिय खिलौना बन गई। कार्यक्रम में विद्यालय का सभी स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।

## बैठक कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न ) ।चैत्र** नवरात्रा मेला, प्रथम जीणमाता मेला 2026 की समस्त व्यवस्थाओं के लिए 11 मार्च 2026 को सांय 4 बजे जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में हर्ष जीण वाटिका धर्मशाला जीणमाता में बैठक आयोजित की जाएगी।

## भुगतान नहीं मिलने से नगरपरिषद के ठेकेदार परेशान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सालों से भुगतान नहीं मिलने से परेशान नगरपरिषद के ठेकेदार उपखंड अधिकारी के पास पहुंचे और उन्हें अपना दु:खड़ा सुनाया है। ठेकेदार उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से मिलने पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर बताया कि 2023 के भुगतान बकाया चल रहे हैं और पेमेंट नहीं होने के कारण हमें काफी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि नए कार्यों का भुगतान कर दिया जाता है। ऐसे में हमारे पुराने भुगतान को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जावे। मामले में उपखंड अधिकारी ने मार्च महीने के बाद समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ठेकेदार भंवरलाल भाटी, हिदायत खां, बसंत पारीक, अहमद खां, सत्यनारायण प्रजापत, इमरान कायमखानी आदि मौजूद रहे।

## कटानी रास्ता चौड़ा करने को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर तहसील कार्यालय में किसान नेता कामरेड भादर भामू के नेतृत्व में राजलदेसर में नौ कटानी रास्ते को चौड़ा करने को लेकर एवं कटानी रास्तों पर ग्रेवल सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपया का भ्रष्टाचार पूरी तरह से दिखाई दे रहा है साथ ही पूरी तरह से जेकरा भी नहीं डाला जा रहा है जगह.जगह गड्ढे पड़े हैं। नगर पालिका में ठेकेदारों द्वारा सरकार के करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। कोई भी अधिकारी नही सुन रहा है आने वाले समय में नगर पालिका के आगे बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं भ्रष्टाचारियों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर किसानों ने नगर पालिका एवं ठेकेदारों सत्ता के दलालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर कन्हैयालाल, देवाराम, नोरताराम, सांवरमल ढ़ाका, सागरमल, नरेश, राजेंद्र, दुलाराम रामलाल, हीराराम भीम आर्मी के अध्यक्ष श्रवण बारूपाल, नेमाराम, राजू, बिजुराम, आदि किसान उपस्थित रहे ।

## महिलाओं ने हाथ में तलवार थाम निकाली रैली

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गायत्री परिवार के करधनी महिला मंडल की ओर से कालवाड़ रोड पर नारी जागरण रैली निकाली गई। रैली में घूमर नृत्य करती हुई युवतियां और महिलाएं तलवार-लाठी संचालन का प्रदर्शन करते हुए चल रही थीं। नारों ने वातावरण को जोशीला बना दिया। कुसुम सिंघल ने कहा कि अब समय आ गया है नारी अपना खोया गौरव प्राप्त करके रहेगी। नारी प्राप्त करके रहेगी इस मौके पर गर्भ संस्कार की कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं ने नारी अस्मिता से जुड़ी कविताएं सुनाई। इस मौके पर फागोत्सव का आयोजन भी किया गया।

# दलिया खाने से आपको मिलेंगे जबरदस्त फायदे

भारतीय घरों में दलिया, नाश्ते के लिए एक नियमित रेसिपी है। दलिया आमतौर पर टूटे हुए गेहूं या एक अनाज से बनाया जाता है। ये बनाना जितना आसान होता है, वहीं इसे खाने के फायदे भी कई स्वास्थ्य लाभ है। वास्तव में, ये कई पोषक तत्वों का भंडार है, जिसमें विटामिन से लेकर कई तरह के उच्च फाइबर शामिल है। दलिया फाइबर, प्रोटीन और बी विटामिन से भरा हुआ है, जो सभी वजन घटाने से लेकर ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने तक में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर बहुत से लोग खासकर युवा और बच्चे रोज-रोज दलिया के एक ही प्रकारों को खाकर ऊब गए हैं और इसके विभिन्न विकल्पों को तलाश रहे हैं।



### सूजी दलिया

तवे पर सूखी सूजी को भून लें या सूजी थोड़ा भीगो कर रख लें। एक बर्तन में 3 कप पानी गरम करें और उसे उबलने दें। अब उबलते पानी में भुनी हुई सूजी या भीगी हुई सूजी को धीरे-धीरे मिला लें। अब इसमें छोटे-छोटे सब्जियां, जो भी आपको पसंद हो काट कर ऊपर से डाल लें। नमक डालें और लगातार चलाते रहें जिससे इसमें गांठें न पड़ें । सब मिल जाने के बाद इसमें घी मिला दें। जब सूजी अच्छी तरह से पक जाये तो गैस बंद कर दें। ये दलिया होमोसिस्टीन के स्तर का स्तर जो पुरानी सूजन के लिए जिम्मेदार होता है इसे कम करेगा। इस तरह रोजाना इसे खाना पुरानी सूजन को कम करने में भी मदद कर सकता है।

### केला मखाना दलिया

केला वजन बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। वहीं प्रोटीन और हेल्दी कार्ब्स से भरा हुआ है मखाना। इन दोनों का मिश्रण शरीर को कई फायदे पहुंचाते हैं। मखाना दलिया बनाने के लिए मखाना को गर्म पानी में भीगो कर रख दें। उसके बाद उसे निकालें और दूध में अच्छे से उबाल लें। फिर इसमें केला और चीना डाल कर मिला लें। इस तरह आपका मखाना दलिया आसानी से तैयार हो जाएगा। वेट बढ़ाने और खेल-कूद से जुड़े हुए लोगों के लिए ये काफी हेल्दी नाश्ता है।

### साबुदाना दलिया

साबूदाने को चलते पानी से तब तक धोएं, जब तक पानी बिलकुल साफ न हो जाये। फिर इसे 15-20 मिनट के लिए भिगो दें। अब उबलते पानी में भिगोया हुआ साबुदाना मिला दें और उसके पारदर्शी होने तक गैस पर रहने दें। इसमें प्याज, मिर्ची, शिमला और गाजर आदि बारीक काटक कर मिला लें और गर्म पानी और नमक थोड़ा और मिला लें। इसके बाद अच्छे से मिल जाने पर गैस बंद कर दें। ये दलिया कब्ज से पीड़ित लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है।

### सेब और राइस पाउडर दलिया

सेब को धोकर छील लें। अब इन्हें छोटे आकार के टुकड़ों में काट लें। एक बर्तन लेकर उसमें पानी उबालें और पिसे हुए चावल से बने पाउडर को मिला लें। इसके अलावा आप ये भी कर सकते हैं, कि चावल को भीगो कर रखें और पीसकर दलिया में इस्तेमाल करें। अब इसमें गांठें न पड़े इसलिए इसे चलाते रहें। अब इसमें कटे हुए सेब भी मिला दें। इस गाढ़ा होने तक और पिसा चावल तथा सेब के पकने तक चलाएं। अब इसे आंच से उतार कर ब्लेंडर में चला कर मिला लें। आपका स्वादिष्ट सेब दलिया तैयार है।

### रागी ओट्स दलिया

रागी पाउडर और ओट्स को पानी में इस तरह मिलाएं की उसमें गांठें न पड़ें। अब इसे धीमी आंच पर 5 से 10 मिनट के लिए पकाएं, जिससे रागी और ओट्स अच्छी तरह पक जाए। इसमें बाकी सब्जियां और नमक मिला लें। अब सबको पकने दें। गैस बंद कर दें, हो गया तैयार आपका हेल्दी दलिया।

## फेस वैक्स करवाती हैं तो रखें इन बातों का ध्यान, स्किन को नहीं होगा कोई नुकसान

हर लड़की, महिला सबसे खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। इसके लिए वे कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट भी लेती हैं। लेकिन कोई भी ट्रीटमेंट लेने से पहले आपको उसके बारे में जरूर पता होना चाहिए। महिलाएं अपने हाथ, पैरों के बालों को हटवाने और खूबसूरत बनाने के लिए वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। कई महिलाओं के चेहरे पर भी काफी बाल होते हैं, वे भी इसके लिए वैक्स करवाती हैं, लेकिन चेहरे का वैक्स इतना आसान नहीं होता है।

### प्रोफेशनल से ही करवाएं फेस वैक्स

वैसे तो आप घर पर खुद भी वैक्स कर सकती हैं, लेकिन फेस वैक्स प्रोफेशनल के हाथों से करवाना ज्यादा अच्छा रहता है। वे आपकी स्किन टाइप को ध्यान में रखकर ही वैक्स करते हैं।

### स्किन टाइप का ध्यान रखें

अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो आप फेस वैक्स बिल्कुल न करवाएं। लूज स्किन पर भी वैक्स करने से बचना चाहिए। रैशेज और रेडनेस होने पर वैक्स नहीं करवाना चाहिए।

### पोर्स बंद करें

फेस वैक्स करवाने के बाद पोर्स बंद करने के लिए आईसिंग करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर और सनस्क्रीन लगाएं। आप एंटी रैश लोशन भी लगा सकती हैं। इससे पोर्स बंद हो जाते हैं।

### फेशियल और स्क्रबिंग न करें

फेस वैक्स के बाद कुछ समय तक किसी भी तरह का कोई दूसरा ब्यूटी ट्रीटमेंट नहीं लेना चाहिए। फेस वैक्स के बाद आपको 48 घंटे तक फेशियल और स्क्रबिंग नहीं करवानी चाहिए। लेकिन ब्लीच आप एक हफ्ते बाद ही करवाएं।

### फेस को रखें मॉयश्चर फ्री

जब भी आप वैक्स करवाएं तो अपने पूरे फेस को मॉयश्चर फ्री करें। आपके फेस पर किसी तरह का कोई ब्यूटी प्रोडक्ट नहीं लगा होना चाहिए। आप चेहरे को अच्छे से धोने के बाद चेहरे पर पाउडर लगा लें।

### फेशियल के बाद वैक्स न करवाएं

फेशियल के बाद भी वैक्स नहीं करवाना चाहिए। इसलिए अगर आपने फेशियल करवाया है, तो वैक्स न करवाएं। इससे स्किन का सारा मॉयश्चर निकल जाता है।

### बालों की डायरेक्शन का रखें ध्यान

ऐसा नहीं है कि आप किसी भी डायरेक्शन में वैक्स कर सकती हैं। वैक्स करने के लिए बालों की डायरेक्शन का ध्यान रखना भी जरूरी होता है। बालों के उल्टे डायरेक्शन में वैक्स को खीचना होता है। बहुत ज्यादा झटके से न खीचें। डबल एप्लीकेशन से भी बचें।

# लाल चंदन के इस्तेमाल से दूर होंगी स्किन की कई समस्याएं

## चेहरे पर लगाएं ये फेसपैक और पाएं खूबसूरत दमकता चेहरा



चंदन का इस्तेमाल कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स में किया जाता है। लाल चंदन से आने वाली खुशबू ना सिर्फ आपके शरीर, बल्कि आपके मन को भी शांत करता है। चंदन के इस्तेमाल से सन-बर्न, टैनिंग और दाग-धब्बे की परेशानी को दूर किया जाता है। लाल चंदन से आप कई तरह के फेस पैक और स्क्रब बना सकते हैं। इन स्क्रब और फेस पैक के इस्तेमाल से आप स्किन से जुड़ी सभी परेशानियों को दूर कर सकते हैं।

### लाल चंदन में मौजूद गुण

इसका इस्तेमाल कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स में किया जाता है। लाल चंदन में एंटी माइक्रोबैट्रीरियल, एंटी एजिंग और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से आप कील-मुंहासे जैसी परेशानी को दूर कर सकते हैं। लाल चंदन आपकी स्किन के कालेपन को दूर कर रंगत में निखार लाती है। लाल चंदन का इस्तेमाल अधिकतर लोग फेस सीरम के रूप में करते हैं। यह आपकी स्किन को रूखे और बेजान होने से बचाता है। साथ ही इससे एक्ने की परेशानी से राहत पाया जा सकता है।

### चंदन से तैयार करें स्किन के लिए फेस पैक

ऑयली स्किन के लिए लाल चंदन बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसके इस्तेमाल से आप सीबम को कंट्रोल कर सकते हैं, जिससे चेहरे पर पिंपल्स की परेशानी कम होती है। ऑयली स्किन के लिए फेस पैक तैयार करने के लिए सबसे पहले 1 कटोरी में 1 चम्मच लाल चंदन पाउडर लें। इसमें एलोवेरा जेल और गुलाब जल मिलाएं। अब इस पेस्ट को अच्छे से मिक्स करें। तैयार मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर करीब 20 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद अपना चेहरा ठंडे पानी से धो लें। सप्ताह में 2 से 3 बार इस पैक का इस्तेमाल करने से चेहरे पर मौजूद दाने कम हो जाएंगे।

### झाईयों के लिए इस्तेमाल करें ये फेस पैक

लाल चंदन से तैयार फेस पैक के इस्तेमाल से झाईयों की परेशानी को दूर किया जा सकता है। लाल चंदन में किसी तरह का कोई केमिकल नहीं होता है, जो स्किन के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। झाईयों को दूर करने के लिए कटोरी में 1 चम्मच लाल चंदन पाउडर लें। इसमें 1 चम्मच दूध मिक्स करके पेस्ट तैयार करें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे की झाईयां कम होंगी। इस पैक को लगाने के बाद अपने चेहरे पर बादाम का तेल लगाएं। सप्ताह में 2 से 3 बार इस पैक को लगाने से चेहरे की झाईयां दूर हो जाएगी।

### ग्लोइंग स्किन के लिए लांल चंदन का फेस पैक

ग्लोइंग स्किन के लिए भी आप अपने चेहरे पर लाल चंदन से तैयार फेसपैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए 1 कटोरी में 1 चम्मच लाल चंदन पाउडर लें। इसमें 1 चम्मच चावल का आटा, 1 चम्मच एलोवेरा जेल को मिक्स करें। इस मिश्रण को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। करीब 20 मिनट तक इस पैक को अपने चेहरे पर लगा हुआ छोड़ दें। सप्ताह में 1 बार इस पैक को लगाने से आपकी स्किन बेदाग और चमकदार होगी।

## धूम्रपान छोड़ना नहीं है मुश्किल, इन आसान तरीकों को अपनाकर छोड़ सकेंगे सिगरेट!



यूं तो हम अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। ऐसे में अपने लाइफस्टाइल में खानपान से लेकर रहन-सहन तक का पूरा ख्याल रखते हैं जिससे हमें किसी तरह की कोई बीमारी न हो। हालांकि, हम में से कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनकी लाइफस्टाइल भले ही हेल्थी है लेकिन वो धूम्रपान यानी स्मोकिंग की लत से छुटकारा पाने में असफल रहते हैं। अगर आप भी इन्हीं में से एक हैं जो धूम्रपान करना छोड़ना तो चाहते हैं लेकिन डर है कि कहीं धूम्रपान छोड़ने से आपको वजन बढ़ना, नींद न आना, कमजोरी आना, भूख, गुस्सा, तनाव होना और किसी कार्य में ध्यान न लगना या फिर बैचेनी महसूस होने जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। तो आपको बता दें कि चिकित्सकों के अनुसार धूम्रपान छोड़ने की प्रक्रिया थोड़ी लंबी होती है और इस दौरान इस तरह की समस्या होना आम बात है, इसलिए आपको एकदम की बजाए धीरे-धीरे सिगरेट छोड़ने की सलाह दी जाती है।

**योगासन :** रोजाना सुबह की शुरुआत अगर हेल्दी तरह से की जाए तो पूरा दिन काफी अच्छा बित सकता है। इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स भी हमेशा ये ही राय देते हैं कि सुबह के समय व्यायाम या योग जरूर करना चाहिए। इससे न केवल आप स्वस्थ रहते हैं बल्कि आप ऊर्जावान भी रहते हैं। अगर आप धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं तो बालासन, सेतुबंधासन, भुजंगासन और सर्वांगसन जैसे योगासन को कर सकते हैं। इन योग से आपको फायदा हो सकता है।

**नींबू पानी :** स्वस्थ रहने और धूम्रपान छोड़ने के लिए सिर्फ योगासन ही जरूरी नहीं है, इसके लिए आपको अपने दिन की शुरुआत हेल्दी ड्रिंक्स से करनी चाहिए। ऐसे में नींबू पानी का सेवन करना एक अच्छा विकल्प माना जाता है। गुनगुने पानी में एक नींबू का रस मिलाकर सेवन करने से शरीर को कई तरह के लाभ होते हैं। साथ ही धूम्रपान से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं। नींबू में मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत बनाएं रखने में मदद करता है।

**मुलेठी का सेवन :** धूम्रपान से छुटकारा दिलवाने के लिए मुलेठी को भी कारगार माना गया है। इस इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर लोगों का मानना है कि इसका सेवन करने से धूम्रपान की इच्छा को खत्म करने में मदद मिलती है। मुलेठी का हल्का मीठा स्वाद इसकी इच्छा को खत्म कर सकता है।

## अजमोद (सेलेरी) के सेवन से सेहत को मिलते हैं फायदे



अजमोद सब्जी के रूप में खाए जाने वाला ऐसा पौधा है जो अनेक पोषक तत्वों से भरपूर है। इसके अंदर सोडियम, मैग्नीशियम, लोहा, जस्ता, पोटेशियम, तांबा आदि खनिज पाए जाते हैं। इसके अलावा यह विभिन्न विटामिन जैसे- विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन ई, विटामिन बी, विटामिन के, विटामिन बी12, विटामिन बी6 आदि से भी भरपूर है। यह फैटी एसिड का अच्छा स्रोत है। साथ ही इसमें फाइबर और थियामिन भी शामिल हैं। इतने सारे पोषक तत्वों से भरपूर अजमोद सेहत को अनेक समस्याओं से दूर रख सकता है।

**कब्ज को दूर करें अजमोद :** चूंकि इसके अंदर फाइबर पाया जाता है ऐसे में यह कब्ज की दवाई के रूप में काम कर सकता है। बता दें कि फाइबर के सेवन से कब्ज को दूर किया जा सकता है। साथ ही इसके सेवन से आंतों के कार्यों को भी सुधारा जा सकता है। ऐसे में आप अपनी डाइट में अजमोद को शामिल करके कब्ज की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**अस्थमा से लड़ने में कारगर है अजमोद :** बता दें कि अजमोद के अंदर विटामिन सी पाया जाता है जो मुक्त कणों की क्षति को रोकता है। इसके अलावा इसके अंदर पाए जाने वाले एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण अस्थमा के कारण होने वाली सूजन को भी रोकते हैं। अगर अस्थमा गंभीर स्थिति रूप धारण कर लें। तब भी अजमोद के सेवन से इस स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप अस्थमा समस्या से ग्रस्त हैं तो अजमोद को अपनी डाइट में शामिल करें।

**कोलेस्ट्रॉल को कम रखे अजमोद :** अगर आप अजमोद का सेवन करते हैं तो यह शरीर से एलडीएल यानी खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि यह दिल के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद उपयोगी है। क्योंकि अजमोद के अंदर फाइबर पाया जाता है यह कोलेस्ट्रॉल को खून से बाहर निकालता है और कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य को तंदुरुस्त बनाता है।

**उच्च रक्तचाप में फायदेमंद है अजमोद :** जैसे कि आपको पहले भी बताया इसके अंदर पाए जाने वाला कार्बनिक रसायन phthalide तनाव हार्मोन को कम करके रक्त वाहिकाओं का विस्तार करता है। ऐसे में जब रक्तचाप कम हो जाता है तो यह पूरे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर कम दबाव डालता है और धमनियों के सख्त होने की संभावना यानी एथेरोस्क्लेरोसिस के विकास को भी रोकता है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि दिल का दौरा और स्ट्रोक की समस्या से अजमोद छुटकारा दिला सकता है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाएं अजमोद :** चूंकि अजमोद के अंदर विटामिन सी पाया जाता है, यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के साथ-साथ शरीर को संक्रमण से बचाता है। इसके अंदर पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट सर्दी के जोखिम को कम करने के साथ-साथ अन्य बीमारियों से भी शरीर की रक्षा करते हैं।

**हृदय रोगों को दूर रखें अजमोद :** अजमोद की जड़ के अंदर फाइबर अनेकों जैविक रसायन और विटामिन सी पाए जाते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी है। इसे एंटी हाइपरटेंसिव एजेंट के रूप में जाना जाता है। यह कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है। ऐसे में दिल की सेहत के लिए अजमोद बेहद उपयोगी है।

**आंखों की सेहत के लिए अच्छा है अजमोद :** अजमोद के अंदर विटामिन ई भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो आंखों की सेहत के लिए बेहद कारगर है। विटामिन ए आंखों की सेहत के लिए बेहद जरूरी तत्व है। अगर इसकी कमी हो जाए तो यह कई जटिलताओं का कारण बन सकता है। ऐसे में आप अपनी डाइट में अजमोद को शामिल करके आंखों की सेहत को तंदुरुस्त बना सकते हैं।

**पिंपल्स को दूर रखें अजमोद रस :** कुछ लोग अपने पिंपल्स की समस्या से परेशान रहते हैं। वहीं कुछ लोग पिंपल्स के द्वारा होने वाले निशान से भी हिचकिचाते हैं।

## लेमन बाम की पत्तियों में होते हैं कई बेहतरीन औषधीय गुण



लेमन नाम से तो आप काफी अच्छी तरह से वाकिफ होंगे। लेमन यानी नींबू का इस्तेमाल आपने कई बार किया भी होता है। नींबू ना सिर्फ स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि इसके सेवन से शरीर को कई फायदे होते हैं। नींबू की तरह खुशबू देने वाली ही एक जड़ी-बूटी है, जिसका नाम लेमन बाम है। लेमन बाम का इस्तेमाल हम बीमारियों से राहत दिलाने में किया जाता है। लेकिन शायद आप में से कई लोग होंगे, जो इससे अनजान हैं। इसलिए आज हम आपको इस लेख के माध्यम से लेमन बाम के औषधीय गुणों के बारे में बताएंगे। लेमन बाम एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसका इस्तेमाल कई आयुर्वेदिक औषधीयों को बनाने के लिए किया जाता है। यह पुदीना परिवार का एक हिस्सा है। जो देखने में बिल्कुल पुदीने की पत्तियों की तरह होता है। लेकिन इसकी खुशबू बिल्कुल नींबू की तरह होती है। लेमन बाम की पत्तियों को हाथ पर रगड़ने से आपको भीनी-भीनी सी खुशबू आएगी। इसे कई जगब ब्लू बाम, मिंट बाम भी कहा जाता है। लेमन बाम विटामिन सी और थियामिन जैसे तत्वों से भरपूर है। इसकी पत्तियों को आप सुखाकर स्टोर कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर इन पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मुंह का इंफेक्शन :** लेमन बाम एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। अपने इन्ही गुणों के कारण लेमन बाम वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने में सक्षम है। इसके सेवन से आप मुंह में होने वाले इंफेक्शन से बच सकेगें। राहुल चतुर्वेदी बताते हैं कि मुंह में इंफेक्शन होने पर लेमन बाम की पत्तियों को पानी में उबालकर इससे कुल्ला करें। इससे मुंह में होने वाले दर्द और सूजन से राहत मिलेगी। इसके अलावा आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर प्रभावित हिस्से पर लगा सकते हैं। इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा।

**मानसिक समस्या दूर करे लेमन बाम :** मानसिक समस्याओं को दूर करने में भी लेमन बाम असरकारी हो सकता है। इसके सेवन से स्ट्रेस, चिंता और घबराहट दूर होगी। इसके इस्तेमाल से स्ट्रेस और एंजाइटी दूर होगी। मानसिक समस्याओं को दूर करने के लिए लेमन की पत्तियों को पानी में उबालें। लेमन बाम में एंटी-स्ट्रेस और एंक्सियोलिटिक मौजूद होता है, जो स्ट्रेस और नींद की समस्याओं को दूर करता है।

**थायराइड को करे कंट्रोल :** थायराइड को कंट्रोल करने में लेमन बाम का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह थायराइड इनहिबिटर्स की तरह कार्य करता है। रिसर्च के अनुसार, लेमन बाम की पत्तियों से आप अपने थायराइड हार्मोन को कंट्रोल कर सकते हैं। लेमन बाम थायराइड हार्मोन को उत्तेजित होने से रोकता है। लेकिन ध्यान रखें कि डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन करें।

**इम्यूनिटी करे बूस्ट लेमन बाम :** इम्यूनिटी बढ़ाने में लेमन बाम असरकारी होता है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-पैरासिटिक और एंटीफंगल जैसे कई गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से बैक्टीरिया के कारण होने वाली समस्याएं दूर होगी। एंटी-माइक्रोबियल गुण शरीर में कीटाणुओं को पनपने से रोकता है।

**कोल्ड सोर :** होंठों के आसपास लाल चकत्ते, खुजली और हल्की सूजन की शिकायत होने लगती है। इस समस्या को कॉल्ड सोर कहते हैं। हरपीज वायरस के कारण कोल्ड सोर होती है। कोल्ड सोर सही से ठीक ना होने के कारण मुंह में छाले की शिकायत होती है। कोल्ड सोर की समस्या से निजात पाने के लिए आप लेमन बाम का इस्तेमाल कर सकते है। इसमें मौजूद एंटी वायरस गुण हरपीज वायरस की वजह से होने वाले कोल्ड सोर की परेशानी से निजात दिलाते हैं।

**डायबिटीज को करे कंट्रोल :** लेमन बाम में एंटी-डायबिटीक गुण पाया जाता है। इसमें मौजूद अर्क लिपिड प्रोफाइल को सुधारने में असरकारी है। साथ ही यह आपके शरीर में मौजूद ग्लाइमिक इंडेक्स को सुधारता है। इतना ही नहीं, लेमन बाम तेल टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए असरकारी है। इसके इस्तेमाल से ब्लड में ग्लूकोज लेवल को कम किया जा सकता है।

**वजन को करे कम :** बढ़ते वजन की समस्या को कंट्रोल करने के लिए लेमन बाम असरकारी साबित होता है। लेमन बाम की पत्तियों से तैयार चाय मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। दरअसल, लेमन बाम में फ्लेवोनोइड की प्रचुरता होती है, जो शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी को कम करने में मददगार साबित हो सकती है।

**सिरदर्द से दिलाए राहत :** सिर दर्द की परेशानी से जूझ रहे लोगों के लिए भी लेमन बाम काफी फायदेमंद हो सकता है। अरोमा थैरेपी में लेमन बाम तेल का इस्तेमाल करके आप सिरदर्द से राहत पा सकते हैं। दरअसल, लेमन बाम में एनाल्जेसिक और एंक्सियोलिटिक के गुण मौजूद होते हैं, जो सिरदर्द की परेशानी से राहत दिलाते हैं।

## अत्यधिक तनाव के कारण सिर में हर वक्त होता है दर्द तो इन तरीकों को अपनाएं

आज के समय में सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है। वैसे तो इसकी कई वजहें हो सकती हैं, लेकिन तनाव सिरदर्द की सबसे प्रमुख वजहों में से एक माना जाता है। चूंकि आजकल अधिकतर लोगों की जिन्दगी तनावग्रस्त है, इसलिए वह सिरदर्द की समस्या से हरवक्त जूझते रहते हैं। आमतौर पर सिरदर्द से राहत के लिए लोग दवा लेते हैं। लेकिन सिरदर्द से राहत के लिए कई अन्य विकल्प भी मौजूद हैं।

**रिलैक्सेशन तकनीक अपनाएं :** यदि आपका सिरदर्द तनाव के कारण है तो रिलैक्सेशन तकनीक आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार रिलैक्सेशन तकनीक के लिए आप मेडिटेशन अपना सकते हैं। कुछ देर मेडिटेशन यानी ध्यान करने से तनाव का स्तर गिरता है। इस तरह सिरदर्द भी कम होने लगता है। इसी तरह गहरी सांस लेने से भी तनाव में कमी आती है और सिरदर्द से राहत मिलती है। योग के कुछ आसन भी आपके लिए काफी अच्छे हो सकते हैं।

**खूब पानी पिएं :** तनाव के साथ-साथ जब शरीर में पानी की कमी भी हो जाती है तो ऐसे में सिरदर्द भयंकर रूप ले लेता है। यह माइग्रेन के कारण होने वाले दर्द को भी टिगर करता है। इसलिए दर्द से राहत पाने का एक सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने वाटर इनटेक पर फोकस करें। इसके लिए आप हमेशा साथ पानी की बोतल रखें और समय-समय पर पानी पीते रहें ताकि शरीर में पानी कमी न हो।

**आंखों को आराम दें :** इन दिनों हर कोई अतिरिक्त काम के दबाव से परेशान है। वर्क फ्रॉम होम के कल्चर के कारण लोगों ने औसतन दिनों से भी ज्यादा वक्त कंप्यूटर के सामने गुजारा है। यदि सही तरह से आंखों की केयर न की जाए और लंबे समय तक आंखों में तकलीफ बनी रहे तो सिरदर्द होने लगता है। आंखों की देखभाल कर आप अपने सिरदर्द को कम कर सकते हैं। काम के दौरान आप समय-समय पर ब्रेक लें और आंखों को बंद करके बैठ जाएं। इससे आंखों को आराम मिलेगा। कंप्यूटर में काम करते हुए कुछ समय के अंतराल में आंखों को ठंडे पानी से धोएं। इससे भी आंखों को आराम मिलता है।

**मसाज करें :** सिरददर्द से आराम पाने के लिए मसाज करवाना भी अच्छा तरीका हो सकता है। सिरदर्द होने पर कानपट्टी, गर्दन, सिर और कंधे की मसाज करवाएं।

## शीतला अष्टमी कल, रांधा पुआ आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी कल बुधवार को शीतला अष्टमी के रूप में श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाएगी। इससे एक दिन पूर्व 10 मार्च को परंपरा अनुसार रांधा पुआ बनाया जाएगा। घर-घर में शीतला माता को अर्पित करने के लिए दर्जनों पकवान बनाए जाएंगे। जिनमें मूंग थाल, गुड़ के मीठे चावल, बाजरा, राबड़ी, दही, पुआ, पूरी, हलवा मुख्य हैं। राजधानी के सभी मुख्य बाजारों, चौराहों पर शीतलाष्टमी से जुड़े सामान खासकर मिट्टी के सामान की बिक्री तेज हो गई। महिलाएं परिवार की सुख.समृद्धि और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए व्रत रखकर माता शीतला की पूजा करेंगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा ने बताया कि शीतला माता की पूजा सप्तमी और अष्टमी दोनों तिथियों पर विभिन्न स्थानों पर की जाती है। पंचांग के अनुसार चैत्र कृष्ण सप्तमी 10 मार्च को है, जबकि उदया तिथि के अनुसार शीतला अष्टमी का व्रत 11 मार्च को रखा जाएगा। शीतला अष्टमी की अष्टमी तिथि 10 मार्च को रात 1रू54 बजे प्रारंभ होकर 12 मार्च को प्रात: 4:19 बजे समाप्त होगी। 11 मार्च को सुबह 6रू 03 बजे से शाम 5:56 बजे तक पूजा का शुभ समय रहेगा। उल्लेखनीय है कि शीतला माता का उल्लेख स्कंद पुराण में मिलता है। मान्यता है कि देवी शीतला की आराधना करने से चेचक, खसरा सहित कई प्रकार के संक्रमण और मौसमी बीमारियों से रक्षा होती है। इसी कारण इस एक दिन पहले बने ठंडे भोजन का भोग लगाया जाता है। भक्तजन भी वही प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दिन चूल्हा नहीं जलता। चाकसू स्थित शील की डूंगरी में शीतला माता का पारंपरिक मेला भरेगा। इस पर्व को कई स्थानों पर बास्योड़ा भी कहा जाता है। राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश में इसे विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है।

## चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 19 मार्च से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साधना के प्रतीक चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 19 मार्च से होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाले इस नौ दिवसीय पर्व में श्रद्धालु मां भगवती की साधना और उपासना में लीन रहेंगे। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ होगी। नवरात्र के प्रथम दिन मां भगवती का आगमन पालकी पर होगा तथा प्रस्थान भी पालकी पर ही होगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल की वृद्धि का संकेत मिल रहे हैं। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को सूर्योदय सुबह 6:06 बजे होगा। अमावस्या तिथि सुबह 6:40 बजे तक रहेगी, जबकि प्रतिपदा तिथि का प्रभाव पूरे दिन रहेगा। इस कारण 19 मार्च को ही नवरात्र व्रत का शुभारंभ और कलश स्थापना का विधान है। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि में चित्रा नक्षत्र तथा वैधृति योग के अभाव के कारण दोपहर 12:30 बजे तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं नवरात्र के दौरान हवन-पूजन और व्रत की पूर्णाहुति 27 मार्च को दोपहर 12:27 बजे तक की जा सकेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महा अष्टमी का व्रत 26 मार्च को रखा जाएगा, जिसका पारण 27 मार्च को होगा। महानवमी का व्रत 27 मार्च को रहेगा तथा पारण 28 मार्च को प्रात: 10:34 बजे तक किया जा सकेगा। इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण जरूरी : दिया कुमारी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता परिषद राजस्थान, जयपुर प्रांत की उच्च न्यायालय इकाई की ओर से उच्च न्यायालय परिसर स्थित सतीश चंद्र सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदर्भ में विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज में न्याय, समानता और सशक्तिकरण को मजबूत आधार देती है। महिलाओं की शिक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूकता और न्यायिक क्षेत्र में उनकी बढ़ती भागीदारी राष्ट्र की प्रगति का संकेत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री हारीबोरिकर ने कहा कि आजादी के बाद से महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता साबित की है और वे राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भरत व्यास, एडिशनल एडवोकेट जनरल माही यादव, कोटा पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमल परसवाल, जयपुर प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल, प्रांत महामंत्री अभिषेक, उच्च न्यायालय इकाई अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन और महामंत्री धर्मेंद्र बराला ने भी विचार रखे।

## लेखिका नीलम मुकेश वर्मा का किया सम्मान

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महिला दिवस के मौके पर डॉ. अम्बेडकर उत्थान परिषद जयपुर द्वारा आयोजित छठा सर्व समाज नारी गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में झुंझुनू की शिक्षिका व लेखिका नीलम मुकेश वर्मा को शिक्षा, साहित्य तथा समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने पर ष्नारी गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसहाय वर्मा विधायक निवाई पीपलू ने की। प्रकाशचंद चौहान आईएएस व अनिल कुमार गोठवाल विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान डॉ. अम्बेडकर उत्थान परिषद जयपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र जलुथरिया, महासचिव महेश गठारिया, सचिव सुखराज वर्मा, संयोजक मंजू नारोलिया व महावीर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।इससे पूर्व 7 मार्च को भारतीय शिक्षा सेवा संस्थान तथा एसबीआई फतेहपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में भी लेखिका नीलम मुकेश वर्मा को नारी गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।



# मेचू गौत्र की बैठक आयोजित
# शीशराम मेचू बने खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मेचू गोत्र के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गाँव कलोठ कलाँ स्थित बाबा आखानाथ धाम में किया गया। इस बैठक का आयोजन गाँव कलोठ कलाँ के सरपंच रामनिवास मेचू, पूर्व जिला पार्षद रामौतार मेचू उर्फ़घोलिया, विकास प्राध्यापक, सतपाल, सुरेन्द्र राज मेचू तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। बैठक में हरियाणा और राजस्थान के लगभग 25-26 गाँवों से मेचू गोत्र के लोग उपस्थित हुए और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से पूर्व चेयरमैन चौधरी शीशराम मेचू गाँव पोटिया को मेचू खाप का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया और उनका सम्मान किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज में फैल रहे नशे, दहेज प्रथा और काज जैसी कुरीतियों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी ने मिलकर इन सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया और समाज में जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया। इस दौरान मेचू गौत्र के इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि इस गौत्र का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है। विक्रम संवत 1015 (959 ई) में क्षत्रिय जाति के राजा शिवसिह/शयोसिंह जो कोट मलोट, मुक्तसर, पंजाब के पराक्रमी और दयालु राजा थे, उनके 12 पुत्र थे। उन सभी ने अलग-अलग गौत्रों की स्थापना की, जिनमें दसवें पुत्र मालाजी ने मेचू गौत्र की स्थापना की। वर्तमान में मेचू गौत्र के लोग स्वयं को मालाजी की वंशज मानते हैं।

इस अवसर पर रामनिवास मेचू सरपंच, रामौतार मेचू पूर्व जिला परिषद, सत्यपाल समाजसेवी, मा. विकास मेचू, मा. सुभाषचंद, मा. उमेद सिंह मेचू, शिव मेचू, उमेद मेचू, जयविंदर मेचू मोचीवाली, डॉ संजय मेचू, अजय कुमार, रणधीर सिंह पूर्व प्रिंसिपल, यशपाल पूर्व प्रवक्ता, सोमवीर पूर्व सरपंच, सनवीर पूर्व सरपंच, सुरेंद्र सिंह, रतीराम, मा. विजय कुमार, मा. सतीश मेचू, सतीश पूर्व प्रवक्ता, प्रवीण मेचू पोषाणा, श्रवण कुमार, चिड़ावा से पवन कुमार, राजवीर, मोजीराम, होशियार सिंह, अमरसिंह, रतीराम मेचू, शीशराम, पोषाणा से प्रवीण कुमार, टोंक ढाका की ढाणी से रामकुमार सिंह मेचू, कृष्ण मेचू, कोलसिया से प्रहलाद सिंह, पूर्व सरपंच जोगेंद्र सिंह मेचू आदि ने अपने अपने विचार रखे तथा काफी संख्या में विभिन्न गाँवों से आये मेचू गोत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला पुलिसकर्मियों, सुरक्षा सखियों और कालिका यूनिट का सम्मान

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस मुख्यालय में राज्यभर की उत्कृष्ट महिला पुलिसकर्मियों, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सदस्याओं और सुरक्षा सखियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की पहल पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। रहाटकर ने कहा कि सुरक्षा सखियां समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं हैं, जो पुलिस के साथ समन्वय कर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने उन्हें रियल लाइफहीरो और ष्वंडर वुमन बताते हुए राजस्थान की वीरता परंपरा को आगे बढ़ाने वाली बताया। इस अवसर पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा समाज की प्रगति की आधारशिला है। उन्होंने राजकॉप सिटीजन ऐपए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और एंटी रोमियो स्क्वॉड जैसे अभियानों की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में महिला अपराधों में कमी आई है और अनुसंधान का समय भी घटा है। कार्यक्रम की शुरुआत एडीजी लता मनोज कुमार ने महिला सुरक्षा अभियानों की जानकारी देते हुए की। संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा ने किया और अंत में डीआईजी श्वेता धनखड़ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ की आरती कुमावत, जैसलमेर की खेतू, ब्यावर की सरिता, भरतपुर की रीना आर्य, जयपुर दक्षिण की प्रियंका, खैरथल-तिजारा की पुष्पा, कोटा शहर की सोनिया, बीकानेर की संजू और जोधपुर पश्चिम की किरण सहित कई महिला कांस्टेबलों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न रेंज की सुरक्षा सखियों और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सदस्याओं को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों और साहसिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# कृषक समृद्धि के लिए कृषि नवाचारों को बढ़ावा दें : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि कृषि अधिकारी राज्य व केंद्र सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें। योजनाओं में लक्ष्यों को शत प्रतिशत हासिल करें तथा किसानों को योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराते हुए कृषि क्षेत्र में उत्पादन व किसानों की आय बढ़ाने के संकल्पित प्रयास करें। सुनिश्चित करें कि सिंचाई सुविधाओं तथा कृषि यंत्र से संबंधित योजनाओं का लाभ किसानों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी फील्ड में नियमित निरीक्षण करें तथा किसानों से संवाद बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि कृषक समृद्धि के लिए कृषि गतिविधियों में तकनीकी नवाचार वर्तमान की आवश्यकता हैए इसलिए किसानों को प्रोत्साहित कर कृषि नवाचारों को बढ़ावा दें। जिला कलक्टर ने बैठक में पंच गौरव, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फसल कटाई, खेत तलाई,, तारबंदी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, परंपरागत कृषि, सिंचाई पाइपलाइन, विभिन्न योजनाओं में भुगतान व लाभ सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने उद्यानिकी विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा कर मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर (राष्ट्रीय बागवानी मिशन) के तहत फल, सब्जी एवं फूलों की खेती को बढ़ावा देने, पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस, मल्चिंग, ड्रिप सिंचाई तथा नर्सरी विकास जैसी गतिविधियों की प्रगति पर चर्चा की। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहन देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं से जोड़ा जाए। कृषि संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने कृषि विभाग की योजनाओं में प्रगति की जानकारी दी। उद्यानिकी उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी ने योजनाओं में प्रगति, कृषक प्रशिक्षण, उद्यानिकी गतिविधियों की जानकारी दी।

# विपक्ष मुद्दाविहीन होकर अनर्गल बयानबाजी में लगा : मदन राठौड़



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुका है और अनर्गल बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने के बजाय बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा है। राठौड़ ने कहा कि विपक्ष रचनात्मक चर्चा के बजाय सदन के बाहर और विदेशों में जाकर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, जो जिम्मेदार विपक्ष के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पेश केंद्रीय बजट में श्विकसित भारत 2047 का स्पष्ट रोडमैप दिया गया है, जिसमें रेलवे के आधुनिकीकरण, ऊर्जा सुरक्षा, सड़कों के विस्तार, डिजिटल आधारभूत ढांचे, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में मजबूत और जिम्मेदार विपक्ष की अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान विपक्ष केवल नकारात्मक टिप्पणियों और भ्रामक खबरों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। विपक्ष का मुख्य एजेंडा सदन को चलने नहीं देना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों को बाधित करना है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर भारत का सशक्त नेतृत्व कर रहे हैं और विश्व समुदाय से युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान की अपील कर रहे हैं। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विश्व को शांति का संदेश दे रहा है।

## अमूल ब्रांड की डेढ़ लाख किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री नष्ट



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खो नागोरियान क्षेत्र में अमूल ब्रांड की करीब डेढ़ लाख किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री नष्ट करवाई। शिकायत राज्य सरकार की 181 हेल्पलाइन पर मिलने के बाद कार्रवाई की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि शिकायत के आधार पर सीएमएचओ जयपुर.द्वितीय की टीम ने मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम पर छापा मारा। यहां करीब 12 हजार कार्टन में अमूल ब्रांड के नूडल्स, केचअप, मयोनीज, एनर्जी ड्रिंक सहित अन्य नॉन-डेयरी उत्पाद मिले, जिनमें बड़ी मात्रा में एक्सपायरी सामग्री थी। लगभग 3000 कार्टन में पैकेट से एक्सपायरी डेट मिटाई जा चुकी थी और नई तिथि अंकित कर बेचने की तैयारी थी। मौके पर थिनर, एसीटोन और अन्य केमिकल भी मिले। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि गोदाम में अवैध रूप से खाद्य सामग्री का भंडारण किया जा रहा था और फर्म का फूड लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था। कारोबारी गगन आहूजा नियर एक्सपायरी सामग्री को औने-पौने दामों में खरीदकर नई डेट प्रिंट कर मोटे मुनाफे में बेचने की तैयारी कर रहा था। अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने बताया कि एक्सपायरी सामग्री के नमूने लेने के बाद गोदाम, मशीनें और अन्य सामान सीज कर परिसर को सील कर दिया गया। चार दिन तक चली कार्रवाई में 27 ट्रकों में भरकर करीब डेढ़ लाख किलो सामग्री कचरागाह में नष्ट करवाई गई। मामले में मैसर्स कायरा डिस्ट्रिक्ट को.ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन, गुजरात और सप्लायर एडवनसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया गया है। एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई के लिए न्यायालय में परिवाद दायर किया जाएगा। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, रमेश यादव, राजेश नागर, नंद किशोर कुमावत और अवधेश गुप्ता शामिल रहे।

## हमले के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय एक नंबर रेल फाटक के पास लोहे की राड से युवक पर हमला करने के मामले में आरोपी का जमानत आवेदन स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि प्रकरण में घायल व्यक्ति अरमान की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे सीकर, जयपुर रैफर भी करना पड़ा था। मामले में न्यायालय ने आरोपी मो. रब्बानी पुत्र अकरम का जमानत आवेदन एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने खारिज कर दिया।


**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय खनि अभियंता, खान एवं भूविज्ञान विभाग, झुंझुनू**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

यह कि खनि अभियन्ता, झुन्झुनूं कार्यालय क्षेत्राधिकार में खनन पट्टा संख्या 188/197 वास्ते खनिज चेजा पत्थर क्षेत्रफल 0.25 हैक्टर निकट ग्राम देरवाला तहसील झुन्झुनूं में श्री चिमनाराम पुत्र श्री लादुराम निवासी स्वामी की ढाणी ढिगाल तहसील व जिला झुंझुनूं के नाम स्वीकृत था। श्री चिमनाराम का निधन (मृत्यु) दिनांक 31.03.2024 को हो जाने से उनका विधिक उत्तराधिकारी वारिस पुत्र श्री राजेन्द्र मील पुत्र स्व. चिमनाराम के द्वारा उक्त खनन पट्टा का नामांतरण अपने पक्ष में करवाने हेतु दिनांक 27.06.2024 को ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया। यदि किसी को उक्त संबंध में ऐतराज या आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय खनि अभियंता, झुंझुनूं में प्रस्तुत करें।

*खनि अभियंता, झुंझुनूं*

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रींगस जिला-सीकर (राजस्थान)**

क्रमांक : नपारी/निर्माण/ 2025-26/508 दिनांक : 05.03.2026

**ई - निविदा सूचना/2025-26/37**

नगर पालिका रींगस द्वारा उपर्युक्त श्रेणी में पजींकृत ठेकेदारों/फर्मो से 01 कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा ऑनलाईन दिनांक 05.03.2026 से 11.03.2026 तक प्राप्त की जावेगी। कार्य का विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं एंव सभी कार्यो की ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जावेगी।

NIB CODE - DLB2526B2480

UBN NO. DLB2526WSOB36983 है।

राज.संवाद/सी/25/21916

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पुत्री दिशा सैनी की सुकन्या समृद्धि योजना के खाता संख्या 010004376498 में उसका नाम गलती से सारा दर्ज हो गया था जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में उसका नाम दिशा सैनी है। अब मैं मेरी पुत्री की की सुकन्या समृद्धि योजना के खाता संख्या 010004376498 में उसका नाम दिशा सैनी पुत्री अशोक कुमार सैनी दर्ज करवाना चाहती हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र में अंकित तथ्य सत्य व सही है।

**सुमन सैनी पत्नी अशोक कुमार सैनी, जाति-माली**
**निवासी-वार्ड 03 सेठवाली ढाणी, नवलगढ़,**
**तहसील-नवलगढ़, जिला-झुन्झुनू ( राज. )**

**कार्यालय नगर परिषद, सीकर**

श्री कल्याण नगर परिषद भवन, राणी सत्ती रोड़, Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांकः-नपसी/सफाई शाखा/2026/18456 दिनांकः- 04.03.2026

**निविदा सूचना/2026-2027**

नगर परिषद सीकर को निम्नांकित कार्यो व संसाधन उपलब्ध कराने हेतु वित्तिय वर्ष 2026-2027 के प्रदाय करने के लिये दर संविदा हेतु फर्म/संस्था से अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छूक फर्म/संस्था जो निम्न कार्य आपूति करना चाहे अपनी दर सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी। निविदाए निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होगी। निम्नलिखित निविदा आर्फलाईन आमन्त्रित की जाती है। कार्य का विवरण ऑनलाईन वेबसाईड http://sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानता राशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | निविदा जारी तिथि | निविदा विक्रय तिथि | निविदा प्राप्ति तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | शहर से मृत जानवर कुत्ता, बिल्ली, सुअर, गधा, घोडा तथा ऊट इत्यादि उठाने बाबत। | 4.00 लाख रूपये | 8,000 | 500 | 04.03.2026 | 12.03.2026 समय प्रातः10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | 13.03.2026 समय प्रातः10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | 13.03.2026 समय दोपहर 02:00 बजे पश्चात |

शर्ते :-

01. निविदादाताओं की निविदा शुल्क व अमानता राशि आयुक्त, नगर परिषद, सीकर के नाम पर डीडी एंव निविदा प्रपत्र के साथ संवेदक द्वारा जीएसटी प्रति एंव पेन कार्ड की प्रति के साथ जमा किया जाना आवश्यक होगा।
02. वाणिज्य कर चुकता प्रमाण- पत्र निविदा के साथ सलंग्न प्रस्तुत करना होगा।
03. सप्लाई कार्य में जी.एस.टी व अन्य प्रकार के करों सहित दरें प्रस्तुत करनी होगी।
04. अधिक जानकारी के लिये सफाई शाखा कार्यालय नगर परिषद सीकर से सम्पर्क कर सकते है।
05. राज्य सरकार द्वारा जारी वर्तमान में प्रचलित नियम प्रभावी रहेगें।
06. समस्त करों सहीत दर प्रस्तुत करनी होगी।
07. sppp पोर्टल से डाऊनलोड किया गया निविदा प्रपत्र मान्य नही होगा, नियमानुसार शुल्क जमा करवारकर लिया गया प्रपत्र ही मान्य होगा।

राज.संवाद/सी/25/21948

आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट का मामला

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाना क्षेत्र में एक युवक से मारपीट और उसकी मोटरसाइकिल तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सलुंडिया निवासी अमित बिश्नोई ने अपनी शिकायत में बताया कि 7 मार्च 2026 की शाम को वह अपनी बाइक से गांव में राशन की दुकान पर घरेलू सामान लेने जा रहा था। घट्टू रोड पर सीताराम खाती की दुकान के पास एक कार आकर रुकी। कार में सवार तेजाराम पुत्र भंवरलाल और अशोक पुत्र राजाराम, जो दोनों सलुंडिया निवासी हैं, नीचे उतरे और अमित की बाइक रोक दी। अमित के अनुसार, दोनों व्यक्ति शराब के नशे में धुत थे और उन्होंने उसकी कॉलर पकड़कर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब अमित ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान, पीछे से स्कूटी पर मुकेश पुत्र भंवरलाल और इमीचंद पुत्र पाबुराम दोनों सलुंडिया निवासी भी वहां आ पहुंचे। मुकेश ने तेजाराम को लोहे का पाइप दिया, जिससे तेजाराम ने अमित के सीधे हाथ पर चोटें मारीं। अमित के बचाव के लिए चिल्लाने पर अशोक ने उसकी पैंट की जेब से चार हजार रुपए जबरदस्ती छीन लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र नोखा के तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ शरद रावत, नशा मुक्ति रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान खान और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुलकुमार राय ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में कुल 99 मरीजों की जांच की गई और उन्हें संबंधित रोगों पर उचित परामर्श प्रदान किया गया। मरीजों को आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कम सुनाई देना, कान में सीटी की आवाज आना, थायरॉयड, टॉन्सिल, एडिनॉयड, गले से संबंधित समस्याएं, सिरदर्द, माइग्रेन, मानसिक तनाव और नशा मुक्ति जैसे विभिन्न विषयों पर परामर्श दिया। कैंसर विशेषज्ञ द्वारा मुंह एवं गले के कैंसर की जांच की गई और आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों ने लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने तथा नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आपसी चर्चा के माध्यम से रोगों से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया।

**ये रहे मौजूद**-शिविर में अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़, जोन चेयरमैन टोडरमल चौपड़ा, नोखा केंद्र के चेयरमेन वीर सुरेंद्रकुमार हीरावत, यूथ केंद्र के चेयरमेन विनोद जैन, ईश्वरचंद्र दुगड़, डॉ. एम.पी. तिवाड़ी, बाबूलाल कांकरिया, निर्मलकुमार भूरा, डॉ. श्याम बजाज, अजय लोढ़ा, ललिता मंत्री, मंजू बैद, लीला मरोठी, सुमन मरोठी, अंजू हीरावत, दुर्गा राठी, अर्चना पारीक, निर्मला सेठिया, सुनीता खीचड़, उर्मिला तापड़िया, सुषमा बजाज, सीमा मिश्रा, किरण अग्रवाल, सरला चोपड़ा, संजू सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयश्री भुरा ने किया। लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की।

## विहिप केंद्रीय मंत्री ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया अवलोकन




**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार द्वारा जयपुर महानगर के विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के उद्देश्य संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों में से कागदीवाड़ा बस्ती में संचालित केंद्र का अवलोकन करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं धर्मप्रसार के अखिल भारतीय प्रमुख सुधांशु पटनायक ने अपने संबोधन में बताया कि महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने से सशक्त समाज का जहां निर्माण होगा वही नारी शक्ति को बल भी मिलेगा। इस केंद्र पर साप्ताहिक सत्संग प्रारंभ कर संपूर्ण मोहल्ले के लिए मातृशक्ति जनजागृति का कार्य करने का आह्वान किया। धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव ने बताया कि मुंबई प्रवासी नंदलाल, मनमोहन एवं सोहन गोयनका ने अपनी स्व. माताजी शांति देवी की स्मृति में जयपुर महानगर में संचालित दो सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों में आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। सिलाई प्रशिक्षक पूजा महावर के निर्देशन में प्रशिक्षु बहनें यहां सिलाई, कढ़ाई व डिजाइनिंग में निपुणता प्राप्त कर स्वालंबी बन रही है। इस अवसर पर आरती महावर, कनक बारी, मोहिनी महावर, जाह्नवी मेहरा, लक्ष्मी महावर व अन्य बहनों द्वारा सिलाई कर तैयार की गई पोशाकों का प्रदर्शन किया गया। जिला विहिप मंत्री लालचंद व सह मंत्री संदीप शर्मा केंद्र संचालन में अपनी महती भूमिका निभा रहे है।

## साम्राज्यवाद विरोध दिवस आज

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संयुक्त किसान मोर्चा दस मार्च को विश्व शांति हेतु राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत झुंझुनू जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनायेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा ईरान पर थोपे गये जबरन युद्ध व एक संप्रभु देश के मुखिया व नेतृत्व को धोखे से मौत के घाट उतारने की कार्यवाही को तमाम संप्रभु देशों के लिए खतरा मानते हुए ट्रंप व नेतन्याहू का पुतला दहन किया जाएगा। अमेरिका व इजरायल द्वारा ईरान पर जारी युद्ध को तुरंत रोकने व विश्व के सभी देशों की संप्रभुता की रक्षा करने की मांग की जाएगी। भारत सरकार से मांग की जाएगी कि भारत सरकार ईरान के राष्ट्राध्यक्ष आयतुल्ला खुमैनी की हत्या 165 छात्राओं की हत्या तथा सैंकड़ों नागरिकों की हत्या की कड़ी निन्दा करने तथा विश्व शांति, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की रक्षा हेतु विश्व देशों को एकजुट करने में अग्रणी भूमिका निभाएं।

# फ्लैगशिप योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति से अपेक्षित जिला रैंकिंग हासिल करें : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आवश्यक सेवाओं, फ्लैगशिप योजनाओं, संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों तथा ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान सहित विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आमजन की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी फ्लैगशिप योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के साथ जिला रैंकिंग में अपेक्षित सुधार हो तथा सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करें। योजनाएं लक्षित समूह तक समयबद्ध, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचें, इसकी नियमित मॉनीटरिंग करते हुए क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी फसल कटाई व गिरदावरी कार्य की समुचित मॉनीटरिंग करें। इसके लिए कृषि अधिकारियों, राजस्व टीम का समुचित समन्वय रहे। उन्होंने पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की समीक्षा कर सभी उपखंड अधिकारियों को उपखंड क्षेत्रों में नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। पेयजल आपूर्ति को लेकर उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो तथा नहरबंदी के दौरान वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं एवं बिजली आपूर्ति को लेकर विशेष तैयारी रखें। पेयजल आपूर्ति हेतु जल स्रोतों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए तथा आपूर्ति व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक तौर पर टैंकर आदि की व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम किया जाए। विशेष रूप से जनसुनवाई व रात्रि चौपाल तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों की स्थितियों का जायजा लेते हुए समुचित प्रबंधन किया जाए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में असंतुष्टि वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें तथा शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता व समयबद्धता बनाए रखें। परिवादियों का संतुष्टि स्तर प्राथमिकता में शामिल हो। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों में वेरिफिकेशन पूर्ण करें तथा समुचित निस्तारण से परिवादियों को संतुष्ट करें। सभी उपखंड अधिकारी अपने उपखंडवार विभागों के प्रकरणों की समीक्षा करें। उन्होंने स्थानीय निकाय, आयोजना विभाग सहित विभागों की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी रात्रि चौपाल, जनसुनवाई के दौरान जनसमस्याओं को एड्रेस करें तथा समुचित निस्तारण करें। इस अवसर पर उन्होंने पेंशन व पालनहार के वेरिफिकेशन पूरे करने, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर संयंत्र हेतु अधिकाधिक लोगों को प्रोत्साहित करने, महानरेगा योजना अंतर्गत मस्टरोल जारी करने व लेबर इंगेज बढ़ाने, पीएम कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत लक्ष्य पूरे करने, एसबीएम ग्रामीण व शहरी तथा एमजेएसए 2.0 में कार्य पूर्ण करने, ट्रांसमिशन, गोदाम निर्माण, न्यायालय प्रकरणों के निस्तारण, फसल कटाई, जनसुनवाई, रात्रि चौपाल, बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व क्रियान्विति सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ भागचंद खारिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।




## विवेकानंद क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के पोलो ग्राउंड में चल रही विवेकानंद क्रिकेट कप सीजन 3 प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद लीलाधर सैनी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वेणीशंकर सैनी ने की।

जानकारी देते हुए संयोजक अनिल कुमार सैनी व ललित सैनी ने बताया कि 10 दिन चली इस प्रतियोगिता में जिले की 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच देव कैटर्स क्लब नानूवाली बावड़ी व इंडाली की टीमों के मध्य हुआ। जिसमें 45 रन से नानूवाली बावड़ी की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता संयोजक मंडल की ओर से विजेता टीम देव कैटर्स क्लब नानूवाली बावड़ी की टीम को 71 हजार रुपए नकदी व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम इन्डाली को 51 हजार रुपए नकदी व ट्राफी प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद लीलाधर सैनी ने कहा कि युवाओं के लिए खेलो में भविष्य बनाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। देश के युवाओं ने खेलों के जरिए भारत का नाम रोशन किया है। आज के समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होता जा रहा है। इस प्रकार के खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं। अधिकांश गांवों में खेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मौका नहीं मिल पाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए तथा गांव-गांव में खेलों का माहौल बनाकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं से युवाओं को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। युवाओं को अपने भविष्य को लेकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए एवं देश के महान महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। इस दौरान अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस मौके पर लक्ष्मण सैनी, हारून अली, अमित सैनी, इंद्राज सैनी, अनिल सैनी, घनश्याम सैनी, कैलाश सैनी, अशोक सैनी, बीरबल गुर्जर, महेश सैनी, सुरेश सैनी, संजय सैनी, योगेश सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सार्वजनिक पुस्तकालय तारानगर में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालाराम जिंदल, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रभुराम गेहुवा थे। कार्यक्रम में विश्वनाथ भाटी, परमेश्वर प्रजापत और किशोर निर्वाण ने कविता और गजल पाठ प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया। आईदान शर्मा, राजेन्द्र प्रजापत अनिल शर्मा, और नरेन्द्र चाचाण ने समाज और संस्कृति से जुड़े विषय पर विचारो और प्रसंगों को श्रोताओ के समक्ष रखा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिको सहित पुस्तकालय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित थे। मंच का सञ्चालन विश्वनाथ भाटी ने किया।

## जोधपुर प्रधान डाकघर में अब बुक हो सकेगी मैगजीन पोस्ट सेवा

निसं

**जोधपुर ( नवयत्न )।** भारतीय डाक विभाग की विशेष सेवा मैगजीन पोस्ट का शुभारंभ जोधपुर प्रधान डाकघर में किया गया। इससे पत्रिकाओं को देशभर में समय पर और किफायती तरीके से भेजना संभव होगा। निदेशक डाक सेवाएं, राजस्थान पश्चिमी क्षेत्र जोधपुर कर्नल सतीश सोलंकी ने बताया कि इस सेवा के तहत पत्रिकाओं की बुकिंग और वितरण के लिए ट्रैक एंड ट्रेस सुविधा, प्रेषक व प्राप्तकर्ता को एसएमएस अलर्ट और स्कैनिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि मैगजीन पोस्ट सेवा के तहत वही प्रकाशक पंजीकृत होंगे । जो प्रेस और पत्रिका पंजीकरण अधिनियम-2023 के तहत प्रेस रजिस्ट्रार जनरल के पास पंजीकृत हों। साथ ही उनके पास कम से कम 500 ग्राहकों की सूची हो और एक बार में कम से कम 500 प्रतियां डाक से भेजी जाएं। सेवा के तहत प्रकाशकों को अलग-अलग बारकोड श्रृंखला दी जाएगी। जिसे पत्रिकाओं के लिफाफों पर मुद्रित करना अनिवार्य होगा। पत्रिकाओं की पूरी ट्रैकिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा बुकिंग और वितरण की जानकारी एसएमएस के जरिए प्रेषक और प्राप्तकर्ता दोनों को मिलेगी।

कर्नल सोलंकी ने बताया कि इस सेवा में बीएनपीएल और अग्रिम भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए ग्राहक जोधपुर प्रधान डाकघर के प्रवर डाकपाल से संपर्क कर सकते हैं।

## शीतलाष्टमी पर प्रसाद खराब होने से बचाने को गायत्री परिवार चलाएगा अभियान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शीतला अष्टमी पर शीतला माता को अर्पित किए जाने वाले ठंडे पकवान और प्रसाद को पानी में भीग कर खराब होने से बचाने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान की जिम्मेदारी गायत्री परिवार के महिला मंडल संभालेंगे। इस संबंध में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में बैठक आयोजित कर अभियान की रूपरेखा तय की गई और पोस्टर का विमोचन किया गया। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अन्न के हर दाने का सदुपयोग हो, इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। राजस्थान प्रांत जोन सह-समन्वयक गायत्री कचोलिया ने बताया कि महिला मंडल की दो-दो सदस्यों की टोलियां शीतला माता मंदिरों और पूजन स्थलों पर जाकर श्रद्धालु महिलाओं से प्रसाद को मंदिर परिसर में रखे विशेष पात्रों में डालने का आग्रह करेंगी, ताकि उसे सुरक्षित एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। अभियान से जुड़ी नीलम शर्मा ने बताया कि मंदिरों में बड़े बर्तन और विशेष थैलियों की व्यवस्था की जाएगी। एकत्रित प्रसाद को पैक कर अनाथालयों, कच्ची बस्तियों, जरूरतमंद परिवारों और गौशालाओं में भेजा जाएगा। मंदिर परिसर में कुम्हार परिवार के सदस्य प्रसाद ले जाना चाहें तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। मंदिरों के आसपास जागरूकता बैनर भी लगाए जाएंगे और पुजारियों का सहयोग लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार कई वर्षों से यह अभियान चला रहा है। गत वर्ष कई क्विंटल प्रसाद खराब होने से बचाकर गौशालाओं तक पहुंचाया गया था। इस वर्ष अभियान को जयपुर सहित राजस्थान के अन्य शहरों में भी चलाया जाएगा।

## बैठक आज

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक दस मार्च को सुबह दस बजें शहीद करणी राम रामदेव पार्क झुंझुनू मे की जायेगी। संस्थान के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक विभिन्न योजनाओं के फॉर्म तैयार किये जाएंगे तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। तथा साथ में ही दिव्यांग होली स्नेह मिलन का प्रोग्राम किया जावेगा इसमें दिव्यांग भाई बहन एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनायें दी जावेगी।

## लिंचिंग के विरोध में खटीक समाज ने किया प्रदर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन हुई तरुण खटीक की हत्या के विरोध में खटीक समाज ने सोमवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। जयपुर में समाज के लोग बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्रित हुए। किशन लाल खटीक, पुरुषोत्तम महावर, सोहन लाल, राजेन्द्र, संजय कुमार खटीक, अनिल कुमार खटीक एवं अन्य ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, दिल्ली सरकार तथा केन्द्रीय गृहमंत्री के नाम हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। श्रवण खटीक ने बताया कि होली के दौरान छह वर्षीय बालिका द्वारा पानी के गुब्बारे से छींटे पड़ने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ लोगों ने तरुण खटीक पर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना से खटीक समाज में भारी आक्रोश है। सुनील खटीक ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और इससे कमजोर और वंचित वर्ग में असुरक्षा की भावना पैदा हुई है। उन्होंने सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित न्याय जरूरी है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन में समाज ने मांग की कि हत्या के सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और दोष सिद्ध होने पर कठोर सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की गई। इसके अलावा समाज ने पीड़ित परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की।



## जेजेटी के राहुल को मिला सिल्वर मेडल

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी यूनिवर्सिटी के मुक्केबाज राहुल ने 80-85 किलोग्राम भार वर्ग में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025-26 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। यह चैंपियनशिप कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई। खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुष वर्ग के 80-85 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता के दौरान राहुल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर फाइनल तक अपनी जगह बनाई। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिष्ठित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी अपनी पात्रता सुनिश्चित की। सेमीफाइनल मुकाबले में राहुल ने विशेष कुमार, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी को 5-0 के एकतरफा निर्णय से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में राहुल का सामना युवराज, सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली से हुआ, जिसमें उन्हें 5-0 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही राहुल ने प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग टीम के साथ मैनेजर के रूप में डॉ संजय कुमार मौजूद रहे। चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि राहुल द्वारा जीता गया पदक उच्च स्तर की प्रशिक्षण व्यवस्था और विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट खेल संस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सफलता भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता ने कहा कि राहुल ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के मंच पर अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन किया है। उनका पदक केवल एक उपलब्धि नहीं बल्कि अनेक भविष्यगत सफलताओं की शुरुआत है। विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ महेश सिंह, डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ इकराम कुरैशी तथा पीआरओ डॉ रामनिवास सोनी ने राहुल को पदक जीतने पर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190